


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 268/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 09 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## 10 मई से शुरू होगी चारधाम यात्रा, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के खुलेंगे कपाट, बद्रीनाथ धाम में 12 मई से होंगे दर्शन

**भोपाल।** केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम श्रद्धालुओं की आवाजाही से आने वाले दिनों में गुलजार होने वाला है। 10 मई से चार धाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलने वाले हैं। इन पवित्र धामों के कपाट अक्षय तृतीया की शुभ घड़ी में खोले जाएंगे, तो वहीं 12 मई से बद्रीनाथ का दरबार भी बदरी-विशाल के जयकारों से गूंजने वाला है। ऐसे में मंदिर समिति पवित्र स्थलों को सजाने-संवारने में जुटी है। दूसरी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए रोजाना प्रशासनिक टीमें भी चारों धाम पहुंच रही हैं। चार धाम यात्रा के लिए 15 अप्रैल



से 3 मई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया था। अब 8 मई से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा भी शुरू हो चुकी है। उत्तराखंड की चार धाम यात्रा की बात करें, तो चार धाम गंगोत्री, यमुनोत्री बद्रीनाथ, और केदारनाथ के बारे में बहुत से लोगों को पूरी जानकारी नहीं है। वहीं, जो लोग पहली बार चार धाम यात्रा पर जाना चाहते हैं या फिर इन पवित्र स्थलों का दर्शन का मन बना रहे हैं, उनके लिए चार धाम यात्रा से जुड़ी जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है। आइए, जानते हैं चार धाम यात्रा के स्थलों के बारे में और यहां कैसे पहुंचें।

**भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है केदारनाथ धाम-** केदारनाथ धाम चार धाम यात्रा में शामिल स्थल में से एक है। केदारनाथ उत्तरी भारत के पवित्र तीर्थस्थलों में से एक है, जो समुद्र तल से 3584 मीटर की ऊंचाई पर मंदाकिनी नदी के तट पर स्थित है। इस क्षेत्र का ऐतिहासिक नाम %केदार खंड% भी है। केदारनाथ धाम भारत में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। शिव पुराण के अनुसार केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। इसे मोक्ष का द्वार भी कहा जाता है। केदारनाथ मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर बना हुआ है। मंदिर के मुख्य भाग मंडप और गर्भगृह के चारों ओर परिक्रमा मार्ग है, जहां मंदिर के बाहर परिसर में शिव जी के वाहन नंदी विराजित हैं। यहां शिवजी का विशेष पूजन किया जाता है। आप केदारनाथ में गांधी सरोवर, सोनप्रयाग, गौरीकुंड मंदिर, वासुकी ताल भी दर्शन करने जा सकते हैं। आइए, जानते हैं कि केदारनाथ कैसे पहुंचे।

### केदारनाथ जानें के लिए अपनाएं ये मार्ग

केदारनाथ फ्लाइट से कैसे पहुंचे- केदारनाथ जाने के लिए देहरादून में जॉली ग्रेट एयरपोर्ट सबसे नजदीक एयपोर्ट है। यह केदारनाथ से लगभग 239 किमी स्थित थे।

केदारनाथ ट्रेन से कैसे पहुंचे- केदारनाथ जाने के लिए आपको हरिद्वार जाना होगा। यहां हरिद्वार से सड़क मार्ग या फिर हेलीकॉप्टर के माध्यम से आप केदारनाथ धाम पहुंच सकते हैं। केदारनाथ बस या सड़क मार्ग से कैसे जाएं- आप हरिद्वार से रूद्रप्रयाग और फिर रूद्रप्रयाग से केदारनाथ जा सकते हैं। वहीं, अगर आप अपनी कार, टैक्सी या बाइक से केदारनाथ जाना चाहते हैं, तो आप दिल्ली से कोटद्वार पहुंचकर रूद्रप्रयाग पहुंचे, यहां से आप केदारनाथ दर्शन करने आ सकते हैं।

### ऐसे पहुंचे बद्रीनाथ

बद्रीनाथ फ्लाइट से कैसे पहुंचे- बद्रीनाथ के सबसे नजदीक एयरपोर्ट देहरादून में जॉली ग्रांट एयरपोर्ट है, जो बद्रीनाथ से लगभग 317 किमी दूर है। देहरादून हवाई अड्डे से बद्रीनाथ तक टैक्सी तथा बस सेवाएं उपलब्ध हैं। बद्रीनाथ ट्रेन से कैसे पहुंचे- ऋषिकेश, हरिद्वार और देहरादून सभी के पास रेलवे स्टेशन हैं। बद्रीनाथ से निकटतम रेलवे स्टेशन ऋषिकेश है। ऋषिकेश से बद्रीनाथ बस और टैक्सी से पहुंचा जा सकता है।

बद्रीनाथ बस से कैसे जाएं- स्थानीय परिवहन संघ और राज्य परिवहन की बसें तथा टैक्सी बद्रीनाथ और ऋषिकेश, हरिद्वार, देहरादून और दिल्ली के बीच नियमित रूप से चलाई जाती है।

### गंगोत्री धाम, देवी गंगा का है पूजन स्थल?

गंगोत्री उत्तराखंड के चार धाम तीर्थस्थलों में से एक है। गोमुख गंगोत्री ग्लेशियर में भागीरथी नदी का स्रोत है, जो गंगा नदी के मुख्य धाराओं में से एक है। गोमुख गंगा नदी का उद्गम स्थल भी है। देवप्रयाग के बाद से यह अलकनंदा में मिलती है, इसलिए देवप्रयाग को संगम स्थल कहा जाता है, जो गंगोत्री ग्लेशियर में स्थापित है और गंगोत्री से 19 किलोमीटर का ट्रैक है। यहां आने वाले श्रद्धालु देवप्रयाग में गंगा स्नान करते हैं और अपनी गलतियों के लिए देवी गंगा से क्षमा मांगकर एक नए अध्याय की शुरुआत करते हैं। गंगोत्री को माता गंगा का पूजन स्थल भी माना जाता है। जहां गंगा की पावन जलधारा की पूजा की जाती है। गंगोत्री में प्राचीन गंगा मंदिर भी स्थित है। इसके अलावा भी गंगोत्री के आसपास कई अन्य धार्मिक स्थल हैं। इनमें भैरों घाटी, मुखबा गांव, हर्षिल, नंदनवन तपोवन, गंगोत्री चिरबासा और केदारताल मुख्य तीर्थस्थल है।

## कांग्रेस के बहकावे में ना आएं भाजपा उम्मीदवार को जिताएं

**भीकनगांव।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस के बहकावे में ना आए तथा भाजपा के उम्मीदवार ज्ञानेश्वर पाटिलको कमल पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयीबनाएं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी कमजोर हालत से बौखला गई है और



**चुनावी सभा में मुख्यमंत्री मोहन यादव का संबोधन**

उसके नेता अनर्गल बयान बाजी कर रहे हैं खुद कांग्रेस के उम्मीदवार मैदान छोड़ रहे हैं यह इमानदारी और बेईमानी के बीच का चुनाव है। डॉ यादव ने कहा कि जो गरीबों का अपमान करे, ऐसे लोगों को सरकार में नहीं रहना चाहिए। एक कलेक्टर साहब ने एक ड्राइवर की





औकात पूछी तो हमने उनको घर भेज दिया। उन्होंने कहा कि खुले में मांस मटन नहीं बिकने देंगे। यह निर्णय लागू कराया।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इमरती देवी के विवादित टिप्पणी को लेकर डॉ यादव ने कहा कि कांग्रेस की ये गलत दृष्टि है। इसको जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस में ऊपर से लेकर नीचे तक कोई कानून को मानता नहीं, सब घमंडी लोग हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो कांग्रेस के प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने कहा था कि मैं 1 रुपये भेजता हूं, 15 पैसे पहुंचते हैं। आज नरेंद्र मोदी जी की सरकार है। किसान सम्मान निधि के 6 हजार रुपये भेजे जा रहे हैं तो 6 हजार रुपये किसानों तक पहुंच रहे हैं। किसी का 1 रुपये भी कम नहीं हुआ है। लाडली बहनों को साढ़े 12 सौ मिलना चाहिए, उनको साढ़े 12 सौ रुपए मिल रहे हैं। गरीबों का राशन खाने वाली सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार और महाराष्ट्र वाले नेता सब जमानत पर है। डॉ यादव ने कहा कि जैसे बटन दबाने से बल्ब जलता है। वैसे कमल के फूल का बटन दबाओगे तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनेगी।



## भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू का निधन

**इंदौर, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू का बुधवार रात आकस्मिक निधन हो गया। बता दें कि गोविंद मालू खनिज विकास निगम के उपाध्यक्ष और भाजपा प्रदेश मीडिया



प्रभारी भी रह चुके हैं। अभी वे पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता थे। उनके निधन पर पार्टी नेताओं ने भी शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गोविंद मालू मीडिया और सोशल मीडिया पर पार्टी का पक्ष जोरदार तरीके से रखते थे। आकस्मिक निधन से 12 घंटे पहले भी उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस पर निशाना साधा था।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालू के निधन पर जताया शोक

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता गोविन्द मालू के निधन पर एक्स कर गहन शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मालू भाजपा की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध, समर्पित कार्यकर्ता थे। उन्होंने पार्टी की विभिन्न जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया।

## मालदीव के विदेश मंत्री पहुंचे भारत

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत और मालदीवके बीच चल रहा विवाद किसी से भी नहीं छिपा। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने 'इंडिया आउट' अभियान चलाकर भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने का रास्ता



बनाया। इसी वजह से दोनों देशों के बीच विवाद शुरू हुआ था और संबंधों में खटास भी पड़ी। 10 मई 2024 तक सभी भारतीय सैनिक मालदीव छोड़ देंगे जिनकी जगह भारत के योग्य टेक्निकल स्टाफ को तैनात किया जाएगा जो सेना के ज़रूरी काम को आगे बढ़ाएगा। इतना ही नहीं, भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ) के लक्षद्वीप दौरे और लक्षद्वीप का प्रचार करने पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने पीएम मोदी और भारतीयों के बारे में विवादित टिप्पणी दी थी।





भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरुवार को उज्जैन में बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिए कामना की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने उज्जैन के जीवाजी गंज मंडल के वार्ड क्रमांक 9 में मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर मतदाता पर्ची और पत्रक वितरित किए।



No. 36/01/2024-EO(SM-I)
Government of India
Secretariat of the
Appointments Committee of the Cabinet
Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions
Department of Personnel and Training

New Delhi, 08.05.2024

The Competent Authority has approved the assignment of **additional charge** of the post of **Secretary, Department of School Education & Literacy** to **Shri K. Sanjay Murthy, IAS (HP:1989)**, Secretary, Department of Higher Education from 09.05.2024 to 19.05.2024 during the period of absence on leave of Shri Sanjay Kumar, IAS (BH:1990).

(Deepti Umashankar)
Secretary
Appointments Committee of the Cabinet
& Establishment Officer

To
1. Cabinet Secretary.
2. Principal Secretary to PM
3. Secretary to President of India.
4. Secretary to Vice President of India
5. Secretary General, Rajya Sabha Secretariat.
6. Secretary General, Lok Sabha Secretariat.
7. Secretary, Department of Personnel & Training.
8. Secretary (Coordination & PG), Cabinet Secretariat.
9. All Secretaries to the Government of India (As per standard list).
10. PS to Home Minister.
11. PS to all Union Ministers.
12. PS to MOS (PP).
13. Officer concerned.
14. Chief Secretaries of all States.
15. Cabinet Secretariat (**Ms. Kavita Singh, Joint Secretary**) w.r.t. their Dy. No.1/2/2024-CS(A) dated 08.05.2024.
16. DG (M&C), PIB.
17. Editor, Civil Services News and Deputy Secretary, D/o Administrative Reforms and Public Grievances.
18. PSO to Secretary (P)/PPS to EO/EO(CM)/Guard File.
19. NIC, DoPT.

(Deepti Umashankar)
Secretary
Appointments Committee of the Cabinet
& Establishment Officer

## केंद्र में 1989 बैच के IAS अधिकारी को मिला अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1989 बैच के द्रूस अधिकारी स्कूल एजुकेशन और लिटरेसी विभाग के सचिव के संजय मूर्ति को हायर एजुकेशन डिपार्टमेंट के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उन्हें यह प्रभार भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1990 बैच के अधिकारी संजय कुमार के अवकाश अवधि के दौरान सौंपा गया है। इस संबंध में डीओपीटी ने आदेश जारी कर दिए हैं।

## लैंड करने से पहले फेल हुआ प्लेन का लैंडिंग गियर, पायलट की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

पेरिस के चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला एक बोइंग 767 कार्गो विमान इस्तांबुल एयरपोर्ट पर उतरने से पहले एक भयानक स्थिति का सामना करना पड़ा। विमान के लैंडिंग गियर में खराबी आ गई, जिससे यात्रियों में डर का माहौल बन गया।




बता दें कि, इस विकट परिस्थिति में, अनुभवी पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल को मामले से अवगत कराया और विमान को सुरक्षित लैंड करने के लिए आवश्यक निर्देश प्राप्त किए। पायलट के अद्भुत कौशल और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बेहतरीन समन्वय के फलस्वरूप, विमान बिना फ्रंट लैंडिंग गियर के ही इस्तांबुल एयरपोर्ट पर सुरक्षित रूप से उतरने में सफल रहा।

जानकारी के अनुसार, इस घटना में किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह घटना विमानन सुरक्षा के महत्व को दर्शाती है और पायलटों के प्रशिक्षण और अनुभव की आवश्यकता पर बल देती है। मंत्रालय ने कहा है कि विमान ने पेरिस के हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। बाद में बोइंग 767 की ओर से यातायात नियंत्रण टॉवर को सूचित किया गया कि लैंडिंग गियर खराबी के कारण नहीं खुल रहा है।

छुट्टी पर गए क्रू मेंबर्स पर 'एयर इंडिया का एक्शन'

## 25 को किया बर्खास्त

### आज भी कई उड़ानें कैंसिल रहेंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया एक्सप्रेस ने अचानक छुट्टी पर गए 200 से ज्यादा क्रू-मेंबर्स में से 25 को बर्खास्त कर दिया है। एयरलाइन ने बचे हुए कर्मचारियों से कहा




कि आज शाम 4 बजे तक नौकरी पर लौट आएं। ऐसा न करने पर सबको निकाल दिया जाएगा।एयरलाइन के 70 प्लस एयरक्राफ्ट हैं। रोजाना 300 से ज्यादा और हफ्ते में 2500 फ्लाइट्स ऑपरेट की जाती है। देश के 31 और विदेश के 14 शहरों में फ्लाइट्स ऑपरेट होती हैं।सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की अनुपलब्धता के कारण गुरुवार को भी कम से कम 60 उड़ानें रद्द कीं। चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग की सामूहिक रूप से छुट्टी पर जाने से यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।तिरुवनंतपुरम हवाईअड्डे पर एक अन्य यात्री ने कहा कि एआई एक्सप्रेस ने उनसे दूसरी एयरलाइन में टिकट लेने के लिए कहा, लेकिन वे ऐसा करने में असमर्थ है। उन्होंने कहा, वे हमें दूसरी एयरलाइन पर टिकट प्राप्त करने में मदद क्यों नहीं कर सकते? उन्हें इसके लिए हमें भुगतान करना चाहिए।

ये सभी इम्पलॉई 7 मई की रात अचानक एक साथ छुट्टी पर चले गए थे। जिसकी वजह से एयरलाइन को 100 फ्लाइट्स कैंसिल करनी पड़ी थीं। आज भी कई उड़ानें कैंसिल की जाएंगीं।यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने से पहले एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी, ताकि वे फ्लाइट कन्फर्म कर सकें।

## मुठभेड़ में मारा गया आतंकी गुलजार

### भारतीय सेना ने तीसरे आतंकी गुलजार मीर को मार गिराया

**जम्मू एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीसरे आतंकी को मार गिराया है। इस आतंकी की पहचान गुरुवार को की गई। पुलिस ने बताया कि कुलगाम मुठभेड़ में मारे गए तीसरे आतंकवादी की पहचान श्रीनगर शहर में ईदगाह इलाके के निवासी गुलजार अहमद मीर के बेटे मोमिन गुलजार मीर के रूप में हुई है।

बुधवार को कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में मुठभेड़ स्थल पर फायरिंग शुरू हुई थी। जम्मू-कश्मीरपुलिस ने बताया कि इलाके को सील कर दिया गया और एकमात्र जिंदा आतंकवादी को बाहर निकालने के लिए ऑपरेशन शुरू किया गया। वह बुधवार शाम मारा गया। इससे पहले सुरक्षाबलों ने इस मुठभेड़ स्थल पर टीआरएफ के टॉप



कमांडर बासित डार समेत दो आतंकवादियों को मार गिराया था। कई आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के कारण उस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। सुरक्षाबलों ने कहा कि बासित डार लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी कमांडर था। जबकि टीआरएफ अग्रणी संगठन है जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद द्वारा की गई आतंकवादी गतिविधियों की जिम्मेदारी लेता है। ऐसा सुरक्षाबलों को गुमराह करने के लिए किया जाता है।

### पाकिस्तान के ग्वादर में एक बार फिर आतंकी हमला

**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान में आजकल आए दिन आतंकी हमले हो रहे हैं। अब एक बार फिर बुधवार रात को ग्वादर में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया।

## इंदौर कमिश्नर के बंगले से कम्प्यूटर और गोपनीय डीवीआर गायब

**इंदौर।** इंदौर में एक रोचक मामला सामने आया है। यहां कमिश्नर बंगले से कम्प्यूटर का सीपीयू और सीसीटीवी का डीवीआर गायब हो गया है। अब ये कौन ले गया? यही बड़ा सवाल है। इसे लेकर पूर्व और वर्तमान कमिश्नर के अलग-अलग बयान आए हैं।



दरअसल, इंदौर कमिश्नर (संभाग आयुक्त) रहे आईएएस माल सिंह भयडिया का तबादला हो गया है। उन्होंने बंगला खाली कर दिया है। अब नए कमिश्नर दीपक सिंह यहां शिफ्ट होने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी आवभगत में जुटे कर्मचारियों ने जब सामान का मिलान किया तो कुछ सामान गायब मिला। इन्हीं में कम्प्यूटर का सीपीयू और डीवीआर थे। सीपीयू और सीसीटीवी के डीवीआर में कई गोपनीय कंटेंट होने की बात सामने आ रही है। आईएएस मालसिंह भयडिया इंदौर में संभागायुक्त पद पर थे, लेकिन हरदा ब्लास्ट की जांट रिपोर्ट में उन पर सवाल उठे तो सरकार ने मार्च में उनका तबादला कर दिया। उन्होंने 10 दिन पहले बंगला खाली किया है। बंगला खाली होने के बाद अधिकारियों ने मौके पर सामग्री का मिलान किया तो कम्प्यूटर का सीपीयू गायब था। मौके पर दर्जनभर सीसीटीवी तो मिले, लेकिन डीवीआर नहीं था। आपको बता दें कि सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग डीवीआर में ही सेव होती है।

## भोपाल-इंदौर मास्टर प्लान बचाने के लिए मुख्यमंत्री ने धारा 16 पर लगाई रोक

**भोपाल।** भोपाल और इंदौर के मास्टर प्लान की प्लानिंग कहीं गड़बड़ा न जाए इसे देखते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने तत्काल प्रभाव से धारा 16 में दी जा रही विकास अनुमति पर रोक लगाने के आदेश दिए हैं। दरअसल नए मास्टर प्लान में देरी होने के चलते प्लानिंग एरिया के बाहर जरुरी विकास के लिए इस धारा का उपयोग कर ?अनुमति दी जाती है, लेकिन बिल्डर और अफसरों की सांठ-गांठ के चलते बड़ी बड़ी कॉलोनियों इस धारा में धड़ल्ले से अनुमति दी गई, सबसे ज्यादा अनुमति इंदौर में दी गई हैं। धारा 16 के दुरपयोग और आने वाले भोपाल-इंदौर मास्टर प्लान पर इसके असर को देखते हुए मुख्यमंत्री ने तत्काल इस पर रोक लगाने को कहा है।

**बिल्डर धड़ाधड़ कॉलोनी डेवलप करने में लगे-** शहरों की तेजी से बढ़ती आबादी को देखते हुए भोपाल-इंदौर के नए मास्टर प्लान का निवेश एरिया भी बढ़ाया जा रहा है। ऐसे में प्लान आने से पहले धारा 16 में अनुमति लेकर बिल्डर धड़ाधड़ कॉलोनी डेवलप करने में लग गए हैं, इसका सीधा असर नए मास्टर प्लान की प्लानिंग पर आता दिख रहा है। शहर के ट्रैफिक से लेकर



पेयजल और सीवर लाईन, ग्रीन बेल्ट आदि महत्वपूर्ण प्लानिंग के इश्यू इससे गड़बड़ाते दिख रहे थे। कुल मिलाकर कहा जाए तो आने वाले समय में शहर का विकास गड़बड़ा सकता है, जिस तेजी से भोपाल-इंदौर में आबादी बढ़ रही है उसके हिसाब से मेट्रो, फ्लाय ओवर सहित चौड़ी चौड़ी सड़कों की प्लानिंग करना होगी, ऐसे में निवेश क्षेत्र के बाहर बिना प्लानिंग के कॉलोनी बनने से शहर का डेवलपमेंट गड़बड़ा सकता है।

**क्रेडाई के कहने पर मंत्री विजयवर्गीय ने खोली थी धारा** – पिछली सरकार ने धारा 16 की अनुमति पर रोक लगा रखी थी, हालांकि इसके लिए लिखित में कोई आदेश जारी नहीं हुए थे। पूर्व मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस ने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अफसरों को धारा 16 में अनुमति न देने के मौखिक आदेश दे रखे थे, इसके चलते अफसरों ने इस पर रोक लगा रखी थी। नई सरकार बनने के बाद ?कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री बने। उनके मंत्री बनते ही इंदौर क्रेडाई के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर शहर के विकास को लेकर चर्चा की। क्रेडाई के पदाधिकारियों ने बताया? कि इंदौर मास्टर प्लान लंबे समय से अटका हुआ है, ऐसे में प्लान न आने के कारण विकास नहीं हो पा रहा है। क्रेडाई के पदाधिकारियों ने प्लान में शामिल 79 गांवों की अनुमतियों पर लगी रोक के बारे में भी चर्चा की, उन्होंने कहा कि जब तक प्लान नहीं आता तब तक के लिए इन गांवों में धारा 16 में अनुमति देने का प्रावधान किया जाए। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सहमति जताई और आश्वस्त किया कि धारा 16 के प्रोजेक्टों में मंजूरी के काम में गति आएगी और प्रक्रिया को भी आसान करेंगे।

# मनुष्य के दिल से जो प्रार्थना निकलती है वह ईश्वर जरूर सुनते है: सद्गुरू स्वामी भगत प्रकाश महाराज





**संत हिरदाराम नगर।** प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगतप्रकाश महाराज अमरापुर अपनी संत मंडली मनोहरलाल जयपुर,मनोहरलाल ग्वालियर, लालूराम इन्दौर, डालूराम, लालचन्द, हरीओम, दीपक साई, लोकचन्द साई, कमल साई गांधीधाम के साथ बुधवार को बैरागढ़ आए। जहां बड़ी संख्या में प्रेमी महाराज के दर्शन एवं स्वागत के लिए उपस्थित हुए। तत्पश्चात स्वामी भगत प्रकाश महाराज के द्वारा सायं प्रेम प्रकाश कालोनी स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में अमृतमयी वचनों की वर्षा की गई। जिसमें स्वामी भगत प्रकाश महाराज ने कहा कि मनुष्य के दिल से जो प्रार्थना निकलती है वह ईश्वर जरूर सुनते है सतगुरू का आशीर्वाद उसके ऊपर जरूर होगा जो उनको याद करेगा। स्वामी जी ने हाथी के प्रसंग को बताते हुए कहा कि जब हाथी को वागू ने पकड़ लिया तो उस समय उस हाथी ने केवल राम का एक शब्द र बोला और दूसरा शब्द जब तक बोले तक परमात्मा उसकी मदद के लिए प्रगट हो गए। स्वामी जी ने सभी सेवाधारियों और सारी संगत को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस शहर में नई दरबार का निर्माण कार्य चल रहा है और सभी सेवाधारी हित-चित से सेवा में लगे हुए हम आशीर्वाद देते है कि सभी सेवाधारियों के ऊपर श्री सतगुरू महाराज का आशीर्वाद बना रहे और सबके घर में भी सुख शान्ति बनी रहे। गीता में भी लिखा है कि जो भी भक्ति मार्ग पर चल रहे है उनको किसी भी बात की चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। सत्संग के पश्चात स्वामी भगत महाराज जी अपनी संत मंडली के साथ हरिद्वार के लिए प्रस्थान किया। सत्संग में कार्यक्रम के प्रवक्ता बसंत चेलानी एवं आश्रम के सेवाधारी सतीष टहिलयानी (टिनी), नारायणदास लालवानी, राजकुमार झमटानी, अर्जुन बेलानी, सतीष धर्मानी, कन्हैयालाल शीतलानी, जयरामदास रूघानी, नारी तनवानी, विष्णु गेहानी, हरीश मोटवानी, मोहन भूरानी, महेश प्रियानी, लक्ष्मण बेलानी, रामचंद रायचंदानी, गिरधारी झमटानी, अषोक पारवानी, लक्ष्मण लालवानी, नरेष कामदार, कन्हैयालाल, मनोहर वासवानी, किशनचन्द, दयालदास दौलतानी, दयाल तोलानी, चन्दर नागदेव, हीरालाल चन्दनानी तथा प्रेम प्रकाश आश्रम के सभी सेवाधारियों ने स्वामी का माला एवं फूलो से स्वागत किया गया।

# दिनचर्या में सुधार ही अच्छे स्वास्थ्य की ओर पहला कदम हैं: डॉ गुलाब राय टेवानी



**संत हिरदाराम नगर।** आरोग्य केन्द्र द्वारा 29 अप्रैल से 8 मई तक दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का आयोजन किया गया। जिसका अनुभव समारोह डॉ. गुलाब राय टेवानी की उपस्थिति में आयोजित किया गया। शिविर की गतिविधियों पर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने प्रकाश डालते हुए बताया कि इस शिविर में अलग-अलग स्थानों से संत हिरदाराम नगर में कुल 94 साधकगणों ने भाग लिया। जिनका विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार किया गया।

डॉ. गुलाब राय टेवानी ने बताया कि स्थाई स्वास्थ्य लाभ लेना हैं तो प्राकृतिक चिकित्सा के अलावा दूसरा कोई मार्ग नहीं हैं। जब आप प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाते हैं तो आप जीवन में सदैव के लिए निरोग हो जाते हैं और जीवन में कभी रोग नहीं आता हैं। जब भी आहार का ग्रहण करें तो आपके मन में यह विचार होना चाहिए कि क्या यह आहार स्वास्थ्यवर्धक हैं या नहीं? अभी तक आप अनियमित दिनचर्या अपना रहे थें, लेकिन अब आपकी दिनचर्या में परिवर्तन कर दिया गया हैं जो कि आपने स्वंय महसूस किया हैं तभी आपके मन में पूर्ण विश्वास आया कि मैं स्वस्थ हो सकता हूँ और स्वस्थ ही रहूँगा। इस शिविर में शरीर शुद्धिकरण के साथ-साथ विचारों का भी शुद्धिकरण किया गया हैं, हमें हमेशा सकारात्मक सोच रखनी चाहिए कि हम स्वस्थ है और हमेशा स्वस्थ रहेंगें, यदि हम ऐसे सकारात्मक विचार रखते है, तो हम कभी भी बीमार महसूस नहीं करेंगें।

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन





**संत हिरदाराम नगर।** थैलेसीमिया मुक्त भारत का सपना है। जिसके लिए अभियान रक्तधारा वेलफेयर सोसायटी द्वारा चलाया जा रहा है जिसमें उनके लिए ब्लड चढ़ाने की व्यवस्था और जांच के लिए अलग-अलग दिनों में शिविर लगाकर किया जा रहा है। विश्व थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को भारत लैब नेटवर्क और डॉ. राकेश गुलानी के मार्गदर्शन में निशुल्क हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ. राकेश गुलानी हॉस्पिटल मिनी मार्केट संत हिरदाराम नगर में किया गया। जहां पर 50 से अधिक सेम्पल जांच के लिए निःशुल्क लिए गए हैं। ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल और निःशुल्क थैलेसीमिया माइनर जांच की गई है। डॉ. राकेश गुलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारा सपना थैलेसीमिया मुक्त भारत का है। क्योंकि थैलेसीमिया खून से संबंधित एक गंभीर बीमारी है। इसमें रेड ब्लड सेल्स तेजी से नष्ट होते हैं और ब्लड की कमी होने लगती है। इस कारण मरीज को हर महीने एक से तीन बोतल ब्लड चढ़ाना पड़ता है और मरीज के जीवन पर खतरा मंडराता रहता है। इसकी जांच पहले हो जाए तो इससे काफी हद तक बचा जा सकता है। सोसायटी के सचिव दीपक वासवानी ने बताया कि हमारा एक ही उदेश्य है किसी के घर में भी थैलेसीमिया से ग्रस्त बच्चे का जन्म न हो।

# आटा पीसते समय चक्की के बेल्ट में फंसी महिला की साड़ी, गला कसने से हो गई मौत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



नये शहर के कोलार इलाके में चक्की से आटा पीसते समय एक महिला की साड़ी चक्की के बेल्ट में फंस गई। इससे साड़ी का फंदा बन गया और गला कसने से महिला की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाके में स्थित ग्राम शोभापुर में रहने वाले हिम्मत सिंह खेती किसानी करते हैं। उनकी 50 वर्षीय पत्नि रामवती बाई घरेलू महिला थी। मंगलवार रात करीब 10 बजे रामवती अपने घर में चक्की से आटा पीस रही थी। इस दौरान पति हिम्मत सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्य पास के कमरे में थे। जब काफी देर तक रामवती की कोई आवाज नहीं आई तब परिजनों ने बाहर आकर देखा तो रामवती चक्की के पास बेसूध हालत में पड़ी नजर आई- वहीं उनकी साड़ी गले और चक्की के बीच फंसी हुई थी। परिवार वाले तत्काल ही उन्हें इलाज के लिये नजदीक के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के बाद परिवार वालो को सौंप दिया है। प्रारंभिक जॉ, के दौरान परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि घर में इस्तेमाल होने वाला आटा हम खूद ही पीसने के लिये मकान के एक कमरे में चक्की लगाई हुई है। रात को रामवती गेहूं पीस रही थीं। इसी दौरान उसकी साड़ी का पल्लु आटा चक्की के बेल्ट में फंस गया। बेल्ट घूमने के साथ ही साडी का फंदा बनकर उनके गले में कसता गया और वह चीख भी नहीं सकी, जिससे उनकी मौत हो गई। मामला कायम कर पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल टिकटिंग से अप्रैल माह में 72 हजार से अधिक टिकट बुक

भोपाल । अप्रैल 2024 में, यूटीएस ऑन मोबाइल यूटीएस ऑन मोबाइल टिकटिंग से अप्रैल माह में 72 हजार से अधिक टिकट बुकएप्लिकेशन के माध्यम से 72,396 टिकटों की बुकिंग के साथ, पश्चिम मध्य रेलवे ने 4.91 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान की, जिससे 82.76 लाख रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। यह उपलब्धि रेलवे के जागरूकता अभियान का परिणाम है, जिसका नेतृत्व महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक ने किया।

यूटीएस एप्प की सुविधा अब पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर उपलब्ध है, जिससे यात्रियों को स्टेशनों पर लंबी लाइनों से बचने में मदद मिली है। इस एप्प की लोकप्रियता में वृद्धि के साथ, अनारक्षित टिकट बुकिंग में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मण्डलवार टिकट बुकिंग आंकड़े के अनुसार भोपाल मंडल में 21,295 टिकटों की बुकिंग से 1.39 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जिससे 26.03 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जबलपुर मंडल में 21,853 टिकटों की बुकिंग से 2.48 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जिससे 29.73 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

कोटा मंडल में 29,248 टिकटों की बुकिंग से 1.03 लाख यात्रियों ने यात्रा की, जिससे 27 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। यूटीएस एप्प दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है, और इसका उपयोग करने के लिए यात्रियों को पहले एप्प स्टोर से इसे डाउनलोड करना होगा। जियोफेंसिंग आधारित इस एप्लिकेशन के माध्यम से यात्रा टिकट, प्लेटफार्म टिकट, और विभिन्न प्रकार के सीजन टिकट बनाए जा सकते हैं।

# जेल से बाहर आकर पीड़िता से फिर रेप किया

**भोपाल ।** पुराने शहर के छोला मदिंर थाना इलाके में युवती से रेप के मामले में जेल गये आरोपी युवक द्वारा जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद रात में युवती के घर पहुंचकर पीडीता युवती के साथ फिर से रेप कर डाला। पुलिस के मुताबिक इलाके में बनी एक मल्टी में रहने वाली 32 वर्षीय युवती ने बीते अप्रैल माह में सुधीर त्यागी नामक युवक के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराया था। युवती का आरोप था, की दतिया का रहने वाले सुधीर ने उसे शादी का झांसा देकर अपनी हवस का शिकार बनाया और फिर शादी करने से मना कर दिया। आरोपी यहॉ निजी काम करता था, उससे शादी का इंकार करते हुए वह उसे बिना बताये ही अपने परिवार के पास अपने गॉव दतिया चला गया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करते हुए जेल भेज दिया था। पहली पेशी पर ही आरोपी को अदालत से जमानत का लाभ मिल गया। जमानत मिलने पर जेल से बाहर आते ही सुधीर फिर से रात में युवती के घर पहुंचा और घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। आरोप है कि इस दौरान सुधीर के साथ उसका साथी रिषीकांत भी था, जो घटना के दौरान पहरेदारी करता रहा। बाद में युवती पुलिस के पास पहुंची, पुलिस ने दुष्कर्म का मामला कामय कर आगे की जॉच शुरु करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# हज यात्रियों के लिए स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की विशेष पहल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

स्वास्थ्य विभाग ने हज यात्रा के लिए जा रहे यात्रियों के स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत, यात्रियों को मेनेनजाइटिस, पोलियो, इन्फ्लूएंजा, बीसीजी, जापानी इंसेफेलाइटिस और अन्य नियमित टीकाकरण प्रदान किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ ने 13 मई तक सिंगारचोली एयरपोर्ट रोड पर स्थित मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी हज हाउस में यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण की व्यवस्था की है। 13 मई के बाद, जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में टीकाकरण से वंचित यात्रियों के लिए भी व्यवस्था की गई है। विभाग द्वारा विशेष रूप से बच्चों और 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। टीबी के पांच साल पुराने रोगियों, मधुमेह रोगियों समेत छः विभिन्न श्रेणियों के लोगों को भी टीके लगाए जा रहे हैं। परीक्षण के बाद, यात्रियों को हेल्थ कार्ड भी प्रदान किया जा रहा है। इस वर्ष, भोपाल से लगभग 1100 नागरिक हज यात्रा पर जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण निःशुल्क किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी के अनुसार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# क्राइम ब्रांच ने सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी में एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को धर दबोचा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें एक वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपी सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी के एक बड़े मामले में शामिल था। आरोपी और उसके दो बेटों पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी विभागों में नौकरी दिलाने के बहाने कई लोगों से लाखों रुपए की ठगी की है।

इस मामले में पुलिस ने पहले ही दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि आरोपी पिता पिछले तीन वर्षों से फरार था। अति पुलिस उपायुक्त क्राइम ब्रांच, शैलेन्द्र सिंह चौहान के अनुसार, फरियादी ने आरोपी पर नौकरी दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपए की ठगी का आरोप लगाया था। जब नौकरी नहीं लगी, तो फरियादी ने अपने धन की वापसी की मांग की, जिस पर आरोपियों ने एक चेक दिया जो बाद में बाउंस हो गया। इसके बाद फरियादी ने क्राइम ब्रांच से संपर्क किया, जिसने जांच के बाद आरोपी पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी पिता की गिरफ्तारी के लिए भोपाल क्राइम ब्रांच ने लगातार प्रयास किए। उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी भोपाल जिला अदालत में सरेंडर करने की फिराक में है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने कोर्ट परिसर के चारों ओर टीमें तैनात कीं और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी पर सरकारी नौकरी के नाम पर कई लोगों से करीब 60 लाख रुपए की ठगी करने का आरोप है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# आबकारी विभाग ने लोकसभा चुनाव के दौरान शराब तस्करी पर कसा शिकंजा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर, भोपाल आबकारी विभाग ने अवैध शराब तस्करी पर नकेल कसते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में, सहायक आबकारी आयुक्त भोपाल दीपम रायचुरा की अगुवाई में, आबकारी नियंत्रण कक्ष प्रभारी रामगोपाल भदोरिया की टीम ने बरखेड़ा सालम भोपाल में दो शराब तस्करों को धर दबोचा। इस कार्रवाई में, तस्करों से 3 पेटी देशी मदिरा प्लेन, 2 पेटी देशी मदिरा मसाला और 24 वोल्ट बीयर के केन जब्त किए गए, जिसका कुल मात्रा 57 बल्क लीटर थी। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और मामले की विवेचना जारी है।

वृत प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक स्वाति बघेल ने म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क और 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आबकारी विभाग ने भोपाल जिले में अवैध शराब तस्करी कर रहे स्मग्लरों पर कड़ी निगरानी रखने का संकल्प लिया है। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा ने बताया कि चुनावी अवधि में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है, जिससे तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग द्वारा ठेकेदारों पर भी नजर रखी जा रही है, और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जनता की संपत्ति पर कांग्रेस को डाका नहीं डालने दिया जाएगा: विष्णुदत्त शर्मा

## नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को बुरहानपुर जिले के नेपानगर, बुरहानपुर और खंडवा जिले के खंडवा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत से प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। आज किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं की पूरी राशि हितग्राहियों के खातों में आती है, एक रुपया भी दलालों या बिचौलियों के पास नहीं जाता। देश में कहीं आतंकवादी घटनाएं नहीं होतीं और सारी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। कांग्रेस को देश की जनता की संपत्ति पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा। देश को आतंकवाद और भ्रष्टाचार से मुक्त तथा विकसित भारत बनाने के लिए नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। खण्डवा में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में अब तो कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी कह रहे हैं कि चुनाव तो भाजपा ही जीत रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदौर से कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लेने को लेकर कहा है कि वैसे भी भाजपा चुनाव जीत रही है। इसका मतलब पूरी तरह से स्पष्ट है कि कांग्रेस भी मान रही है कि यह लोकसभा चुनाव भाजपा ऐतिहासिक मतों से जीत रही है और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन रहे हैं।




भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में विरासत टैक्स है, वहीं हमारे संकल्प-पत्र में गरीबों का कल्याण, देश का विकास, गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण का पूरा खाका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति देशभर के लोगों में अटूट विश्वास है। इस बार तो हैदराबाद में भी कमल खिलने जा रहा है। अब चुनाव प्रचार के लिए सिर्फ तीन दिन का समय बचा है, ऐसे में हर बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प लेकर सभी कार्यकर्ता प्राण-पण से पार्टी कार्य में जुट जाएं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इन दिनों जहां भी जाओ, पूर्व-पश्चिम, उत्तर और दक्षिण हर दिशा में एक ही आवाज सुनाई दे रही है। वह आवाज है कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनना है। इसकी वजह यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बिना किसी भेदभाव के हर गरीब का जीवन बदलने का काम कर रही है, हर गरीब के चेहरे पर खुशियां ला रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास उन लोगों को भी मिल रहे हैं, जो भाजपा को वोट नहीं देते। मोदी जी ने उज्जवला योजना में 13 करोड़ माता-बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति दिलाई और इनमें वो बहनें भी शामिल हैं, जो भाजपा को वोट नहीं देतीं। मध्यप्रदेश में 3.62 करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज उन परिवारों को भी मिल रहा है, जो भाजपा को वोट नहीं देते। श्री शर्मा ने कहा कि दुनिया के कई मुस्लिम देशों में भी तीन तलाक की प्रथा नहीं थी, लेकिन हमारे देश में तुष्टीकरण के चलते इसे बनाए रखा गया। मोदी जी ने ट्रिपल तलाक हटाकर मुस्लिम बहनों के जीवन को भी खुशियों से भरने का काम किया। आप सभी कार्यकर्ता इन लोगों से भी संपर्क करें और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाकर ी मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट देने की अपील करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि इस चुनाव में ऐसी ताकतें भी सक्रिय हैं, जो देश को तोड़ना चाहती हैं, बदनाम करना चाहती हैं, तुष्टिकरण की राजनीति करना चाहती हैं। कांग्रेस के सैम पित्रोदा कहते हैं कि व्यक्ति अगर इस रंग का है, तो वो फलां देश से आया है। उनके हिसाब से सब बाहर से आए हैं, भारत का कोई है ही नहीं। दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी विरासत टैक्स की बात कर रही है। वो हमारे पुरखों की उस संपत्ति पर डाका डालना चाहती हैं, जिसे वो अपने नाती-पोतों के लिए छोड़कर जाते हैं। कांग्रेस अंग्रेजों की मानसिकता को भारत में ला रही है और कह रही है कि पुरखों की संपत्ति, दादी-नानी के गहनों में से सिर्फ 25 प्रतिशत आपका, बाकी सरकार का। क्या हमारी माता-बहनें अपने गहनों पर डाका डालने देंगी?

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं के क्षेत्र में जिन लोगों को पक्के आवास नहीं बने हैं, उन्हें बताएं कि आगामी 5 वर्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीएम आवास के तहत तीन करोड़ आवास और बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री जी ने गरीबों को 5 लाख का निःशुल्क इलाक के लिए आयुष्मान योजना चला रहे थे, अब 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों को भी 5 लाख तक के निःशुल्क इलाज की गारंटी दी है। कांग्रेस मुस्लिमों को ओबीसी वर्ग में शामिल उन्हें आरक्षण देने की तैयारी में है। कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए मुस्लिमों को आरक्षण देकर एससी, एसटी का आरक्षण कम करके उनके अधिकारों पर डाका डालना चाहती है। भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से तीसरे चरण के संपन्न हुए चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

## फिलीपीन्स और श्रीलंका से आये दल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की मुलाकात



**भोपाल।** भारतीय चुनाव व्यवस्था का अवलोकन और अध्ययन करने के लिये पाँच मई से भोपाल आये फिलीपीन्स और श्रीलंका के अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि दल ने बुधवार को निर्वाचन सदन भोपाल में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से सौजन्य भेंट की। इंटरनेशनल डेलीगेशन ने 5 से 7 मई तक निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया के अवलोकन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि महात्मा गांधीजी के देश में लोकतंत्र यहां के लोगों के दिलों में जिंदा है। भारतीय चुनाव को एक पर्व की तरह मनाते हैं। हमने ऐसा उत्सवपूर्ण चुनाव कभी नहीं देखा। लोकतंत्र की मजबूती के लिये यहां के हर मतदाता की आस्था और उसकी अभिव्यक्ति अभिभूत कर देने वाली है। हमने तीन दिनों में बहुत कुछ देखा, समझा और सीखा। इस आनंदपूर्ण चुनाव प्रणाली से हमें प्रेरणा मिली है। हम अपने देश में भारतीय निर्वाचन व्यवस्था की सभी अच्छी व्यवस्थाओं को लागू करने की अनुशंसा करेंगे।

श्रीलंका के प्रेसीडेंशियल कमीशन ऑफ इन्क्वायरी टू मेक रिकमंडेशन्स फॉर इलेक्शन लॉ रिफार्म्स' के कमीशन मेम्बर श्री सुंथारम अरूमैनायाहम ने कहा कि मतदान के दिन हमने देखा कि निर्वाचन में नियुक्त हर व्यक्ति बखूबी अपना काम कर रहा था। कोई भी दूसरे के काम में दखल नहीं दे रहा था। मतदाता बड़े धैर्य के साथ अपनी बारी के इंतजार में खड़े थे। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान की शानदार व्यवस्थाएं थीं। कमीशन मेम्बर सुश्री निमालका फर्नान्डो ने कहा भारत की निर्वाचन व्यवस्था अभिभूत कर देने वाली है। हम बेहद प्रभावित हैं और श्रीलंका में भी ऐसे ही चुनाव की व्यवस्था के लिये अनुशंसा करेंगे। फिलीपीन्स के 'कमीशन ऑन इलेक्शन्स' की डायरेक्टर सुश्री सेलिया बी. रोमेरो ने कहा कि हमने मतदान सामग्री वितरण से लेकर मतदान पूरी होने तक की सभी प्रक्रियाओं को करीब से देखा। यह एक चकित कर देने वाला अनुभव था।

# कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ने से रोका: अलका गुर्जर

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर ने बुधवार को रतलाम लोकसभा क्षेत्र के सैलाना स्थित ओसीन परिसर में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने महिलाओं के सम्मान में और सशक्त बनाने के लिए अनेक कार्य किए हैं। घर-घर में गैस, नल का कनेक्शन और मुद्रा लोन ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर कार्य कर रहे हैं, जिससे देश प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित देश बने और विश्व का नेतृत्व करते हुए फिर से विश्व गुरु बने। इसी उद्देश्य को लेकर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी काम कर रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में महिलाओं की अहम भूमिका है। हम सभी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर भाजपा की सरकार बनाना है। सम्मेलन को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने भी संबोधित किया।




अल्का गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ने से रोका और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन कानून बनाकर देश की संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ किया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास की राजनीति शुरू हुई है। वहीं कांग्रेस के शासनकाल में समाज को बांटने की राजनीति होती थी।

श्रीमती गुर्जर ने कहा कि महिला शक्ति और किसी भी पार्टी को वोट नहीं करेगी। प्रत्येक बूथ पर महिलाओं को किसे वोट करना है, वह जानती हैं। महिलाओं की बात करें तो आज भारत की महिलाएं बहुत सशक्त हैं, महिलाओं को मध्यप्रदेश में लाड़ली बहना योजना के माध्यम से 1250 रुपए प्रति माह मिल रहे हैं। वहीं भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने का अधिकार दिया है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने श्रीमती द्रोपति मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बना कर आदिवासियों का सम्मान देने का कार्य किया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि रतलाम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा ने एक महिला प्रत्याशी को अवसर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में बहनें अधिक से अधिक जनसंपर्क कर मतदान कराएं, जिससे देश में फिर मोदी सरकार बने और विकसित भारत का सपना साकार हो सके।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनीता नागर सिंह चौहान, विधानसभा प्रभारी व पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, अनीता कटारिया, संगीता चारेल,क्रांति जोशी, किरण माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

# बैतूल संसदीय क्षेत्र की मुलताई विधानसभा के 4 मतदान केन्द्रों में पुनर्मतदान के आदेश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया है कि बैतूल लोकसभा क्षेत्र के मुलताई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चार मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान होगा। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बुधवार को आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्रमांक 129-अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 275-राजापुर, क्र. 276-दूदर रैयत, क्र. 279-कुंडा रैयत एवं क्रमांक 280-चिखलीमाल में 10 मई 2024 (शुक्रवार) को फिर से मतदान कराने के आदेश दिए हैं। यह मतदान 10 मई (शुक्रवार) को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। 10 मई को सुबह 5:30 बजे मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके लिए मतदान दल सामग्री सहित 9 मई को रवाना होंगे। पुनर्मतदान में अमिट स्याही मतदाताओं के बायें हाथ की मध्यमा अंगुली में लगायी जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बैतूल को पुनर्मतदान कराने के पूर्व मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को विधिवत् प्रशिक्षण भी देने के निर्देश दिए हैं। पुनर्मतदान की सूचना समस्त अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों सहित प्रेक्षकों को अनिवार्य रूप से देने एवं मतदान केंद्र के क्षेत्र में डोंडी (मुनादी) पिटवाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी भारत निर्वाचन आयोग ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, बैतूल को दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि 7 मई को मतदान कराकर लौट रही बस आग दुर्घटना का शिकार हो गई थी। जिसकी जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बैतूल द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय को भेजी गई थी। सूचना मिलने के तुरंत बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा आयोग को घटना के बारे में अवगत कराया गया था। जिसके बाद भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बैतूल लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मुलताई विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चार मतदान केंद्रों पर दोबारा मतदान कराने के आदेश जारी किए हैं।

# भोपाल में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई

**भोपाल ।** सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की कार्य में लापरवाही के चलते, सी एम एच ओ ने एक सप्ताह का मानदेय और प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन राशि काटने के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई उन ष्ट।ह्रह्य के खिलाफ की गई है जिन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर और एम पी आरोग्यम पोर्टल पर दैनिक ओपीडी प्रविष्टियां नहीं कीं। सी एम एच ओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि यदि ष्ट।ह्रह्य द्वारा कार्य में सुधार नहीं किया जाता है, तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और उनके वेतन में कटौती की जाएगी। यदि 90त्न से कम ओपीडी प्रविष्टियां होती हैं, तो अन्य कर्मचारियों के वेतन में भी कटौती की जाएगी।

# मतदान के महत्व पर रचनात्मक वीडियो, रील, मीम पोस्ट करें, मिलेगा पुरस्कार

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने स्टेट आइकॉन, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, कन्टेंट क्रिएटर एवं इन्फ्लूएंसर से आग्रह किया है कि इलेक्शन केम्पेन थीम के अंतर्गत छोटे-छोटे वीडियो बनाकर मतदाताओं को लोकतंत्र के महान पर्व में शामिल होने के लिये प्रेरित करें। उन्होंने लोकतंत्र के उत्सव में उत्साहपूर्ण भागीदारी करने के लिए युवा मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने पहली बार मतदान करने के अनुभवों और भावनाओं को साझा करें। मत का मूल्य बतायें, मतदान करने पर गर्व करें और वोट डालने के रोमांच का अनुभव बतायें। इसके लिये मतदाता अपने शार्ट वीडियो बनायें और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में अपलोड करें।

राजन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि अपने आस-पड़ोस के मतदाताओं को जागरूक करें। उन्हें चुनाव आयोग के एप का उपयोग करने, वोटर लिस्ट में अपना नाम, मतदान केन्द्र की जानकारी प्राप्त करने के बारे में बतायें और वोट डालने के लिए प्रेरित करें। मतदाताओं से मतदान के महत्व के बारे में चर्चा करें और सभी सगे संबंधियों, दोस्तों के साथ वोट करने जाएं। इसके अलावा रील्स, मीम्स बनाकर अपने इंस्टाग्राम सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टैग कर सकते हैं। यह वीडियो 10 मई तक पोस्ट करें। सर्वाधिक रचनात्मक पोस्ट को भारत निर्वाचन आयोग की सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रदर्शित किया जायेगा और उन्हें पुरस्कृत कर डिजिटल फार्मेट में प्रशंसा पत्र भी दिया जायेगा।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने चौथे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश

# लोकसभा चुनाव: जागरूकता गतिविधियां लगातार करते रहें, मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क करने का प्रयास करें

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने लोकसभा निर्वाचन-2024 के चौथे चरण के लिये 13 मई को होने वाले मतदान के संदर्भ में संबंधित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता जागरूकता गतिविधियां लगातार करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं से व्यक्तिगत सम्पर्क करें, उनसे संवाद करें, उनकी शंकाओ का समाधान करें और गर्मी को देखते हुए मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुविधाओं के बारे में भी बतायें। उन्होंने कहा कि मतदाता वोट देने मतदान केन्द्र तक आयें, इसके लिये सभी जरूरी प्रबंध किये जायें। श्री राजन बुधवार को चौथे चरण के मतदान वाले 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को वीडियों कान्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित कर रहे थे।





राजन ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए स्थानीय स्तर पर कार्ययोजना बनाकर घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जाये। सरल, सुगम, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से निर्विघ्न मतदान कराने के लिए सभी चाक-चौबंद व्यवस्थाएं करें। गर्मी को देखते हुये मतदान केन्द्रों पर छाया, शीतल जल, बैठने की व्यवस्था, कूलर, पंखे, दवा सहित अन्य सभी जरूरी व्यवस्थाएं की जाएं।

राजन ने कहा कि निर्वाचन के दौरान पूरी सावधानी और सतर्कता बरतें। स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के लिये सभी अधिकारी अपने लेवल ऑफ अलर्टनेस को बनाये रखें। राजन ने वल्नरेबल क्षेत्र के मतदान केन्द्रो में सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। जिन भवनों में पाँच या उससे अधिक मतदान केन्द्र हैं, वहाँ सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये जायें। जिन मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहाँ अतिरिक्त मतदान कर्मियों की तैनाती करें।

**मतदान की निगरानी के लिए 12 हजार 180 मतदान केन्द्रों की होगी वेबकॉस्टिंग:** राजन ने बताया कि चौथे चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के कुल 18 हजार 7 मतदान केन्द्रों में 13 मई को मतदान कराया जायेगा। इनमें से 12 हजार 180 मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग कराई जायेगी। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा कि मतदान में बाधा डालने वाले तत्वों पर निगरानी रखने के लिये क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के भीतर और बाहर सीसीटीव्ही कैमरे लगाये जाएँ। साथ ही वेबकास्टिंग की निगरानी की पुख्ता व्यवस्था करें, जिससे किसी केन्द्र पर मतदान में अनियमितता दिखाई दे, तो तत्काल कार्रवाई की जा सके। राजन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर मतदान केन्द्र तक व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियाँ चलाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए ࿖चलें बूथ की ओर࿖ अभियान चलाएँ। प्रत्येक मतदान केन्द्र से जुड़े हर घर, हर मतदाता तक यह संदेश पहुँचे कि 13 मई को सभी अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। मतदाताओं को वोट डालने के लिये घर-घर जाकर प्रेरित करने के लिये सभी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिये स्थानीय दल गठित करें। मतदान दिवस पर पर भी इस दल का सहयोग लेकर लोगों को मतदान के लिये बुलाएँ। श्री राजन ने कहा सभी जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी आदर्श मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएँ। इन केन्द्रों की सुविधाएँ ऐसी हों, जिससे अधिक से अधिक मतदाता वोट डालने के लिये प्रेरित हों। मतदाताओं का स्वागत आम का पना, शरबत, छाछ आदि से करें। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों के साथ-साथ मतदान सामग्री वितरण स्थल पर भी सभी समुचित व्यवस्थाएँ की जायें। सामग्री वितरण स्थल पर मिनी अस्पताल, मिनी आईसीयू जैसी व्यवस्थाएँ की जा सकती है। मतदान दलों को शीतल जलपान करायें।

राजन ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने में मतदाता सूचना पर्चियों का वितरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। मतदाता पर्चियों के वितरण पर विशेष ध्यान दिया जाये। कोई भी मतदाता पर्ची मिलने से वंचित नहीं रहें। यह सुनिश्चित किया जाये कि शतप्रतिशत मतदाताओं तक पर्चियाँ पहुँच जाएँ। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को यह समझाया जाये कि मतदाता पर्ची ही मतदान के लिए पर्याप्त नहीं है। मतदाता पर्ची के साथ में उन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक पहचान दस्तावेज लाना होंगे।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार कौल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री बसंत कुर्रे और श्री विवेक श्रोतिय तथा उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रमोद कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# निर्भया कांड'' से उत्पन्न ''भय'', खौफ व मानवीय संवेदनाएं ''तार-तार''?

राजीव खण्डेलवाल

दिल्ली के एक बस ड्राइवर एवं 5 अन्य अपराधियों के द्वारा दिसम्बर 2012 में एक छात्रा के साथ चलती बस में हैवानियत की समस्त हदें पार कर अमानवीय व वीभत्स तरीके से दुष्कर्म हुआ था। फलस्वरूप पीड़िता की अंततः कुछ समय बाद सम्पूर्ण यथासंभव बेहतरीन इलाज के बावजूद मृत्यु हो गई। पूरे देश में भयंकर आक्रोश व एक सिहरन की लहर सी उठ गई थी। प्रतिक्रिया स्वरूप सोता हुआ एक आम नागरिक ने भी जागृत होकर रोड़ पर आकर विभिन्न तरीकों से प्रतिक्रियाएं कर एक इंसान होने व इंसानियत तथा मानवीयता का एक परिचय दिया था। परिणाम स्वरूप ही यौन अपराध में दुष्कर्म सहित भारतीय दंड संहिता सहित की कई धाराओं में कई महत्वपूर्ण संशोधन हुए और एक नया अधिनियम 'पाक्सो' भी अस्तित्व में आया।

**कर्नाटक रेवन्ना सेक्स कांडः** विपरीत इसके कर्नाटक में सामने आयी तथाकथित ''अय्याश राज-नेता'' की सेक्स वीडियो की तुलना कर लीजिए। (अभी तक वीडियो की सत्यता की पुष्टि रासायनिक जांच (फॉरेंसिक परीक्षण) से नहीं हुई है।) हासन सीट के वर्तमान सांसद व जेडीएस लोकसभा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी (हरदन हल्ली डोडेगौड़ा) पूर्व मंत्री विधायक एचडी रेवन्ना के पुत्र हैं देवगौड़ा के पोते, तथा पूर्व मुख्यमंत्री कुमार स्वामी के भतीजे इसके विरूद्ध 266 महिलाओं के साथ यौन शोषण की 2976 सेक्स वीडियों क्लिक की पेन डाइव पूरे देश में सोशल मीडिया के माध्यम से हासन लोकसभा क्षेत्र में फैल गई घर-घर व दुकान सीडी फेकी गई। ''निर्भया कांड'' और इस ''सेक्स कांड'' में जो मूलभूत व भारी अंतर है, वह है, निर्भया कांड में 6 अपराधियों ने मात्र एक बेटी के साथ गैंगरेप किया था। परन्तु यहां पर तो एक आरोपी ही 266 महिलाएं, जिनमें बच्चियों से लेकर 60 साल तक की महिलाएं शामिल है, के साथ लम्बे समय से लगातार यौन शोषण करता है। इन पीड़िताओं में घर में काम करने वाली नौकरानियाँ (मैड) से लेकर सरकारी अधिकारी, नौकरीपेशा और पार्टी की महिला कार्यकर्ता भी शामिल हैं। ऐसा यौन अपराधी आश्चर्यजनक रूप से मानसिक रूप स्वस्थ है, उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त या पागल करार नहीं दिया गया, सहसा विश्वास नहीं होता है। ऐसा भी व्यक्ति समाज में हो सकता है, यह कल्पनातीत है। यौन अपराधी होने के साथ-साथ रेवन्ना के ÷भ्रष्ट आचरण÷ के आधार पर उच्च न्यायालय ने उनकी 2019 की लोकसभा चुनाव को भी अवैध घोषित कर दिया।

**पारिवारिक राजनीतिक धरोहर ''चकनाचूर'':** कुछ व्यक्तियों का दिल तो इस कांड से अवश्य दहल गया होगा। परन्तु देश के दिल की धड़कन कश्मीर से कन्याकुमारी तक वैसे नहीं दहली, जैसी निर्भया कांड में दहली थी। इसका क्या यह अर्थ यह नहीं निकाला जाए कि निर्भया कांड के अपराधीगण समाज के छोटे से वर्ग ड्राइवर, क्लीनर, फल विक्रेता, जिम ट्रेनर थे, इसलिए पूरे देश का गुस्सा अदने से निम्न वर्ग से आने वाले इन अपराधियों पर आ पड़ा। इसके विपरीत यहां पर अपराधी सफेदपोश एक शक्तिशाली राज नेता है, जिसे जनता ने कई बार चुना है, जिसके पिता को सांसद चुना व उसके दादा को प्रधानमंत्री पद पर बैठाया, परिवार के अन्य सदस्य (लगभग 8 सदस्य) भी सांसद, विधायक, मंत्री चुने गये। इसलिए ऐसी राजनीतिक धरोहर वाले परिवार के घृणास्पद आरोपी सदस्य के विरूद्ध आम जनता की प्रतिक्रिया क्या खौफ-ड़र-दहशत के कारण निर्भया कांड के समान वैसी तीव्र व व्यापक नहीं हुई? अथवा आम व्यक्ति की जिंदगी में राजनीति इतनी घुल मिल गई है कि उससे जुड़ी हैवानियत की सीमा तक की बुराई दहशतगर्दी भी जनता को या तो दिखती नहीं है अथवा व उसे अनदेखा कर देती है? जैसा कि बृजभूषण शरण सिंह के मामले में भी देखने को मिला है। क्या जनता ऐसी घटनाओं को भी सिर्फ ''राजनीतिक चश्मे'' से ही देखना चाहती है? बडा प्रश्न यह है? तथाकथित भद्द् समाज के चेहरे पर यह एक बड़ा तमाचा है।

**मीडिया की भूमिका का ''भूमिगत'' हो जानाः** एक भी तथाकथित राष्ट्रीय (मेन स्ट्रीम) टीवी चैनल ने इस कांड पर बहस तक नहीं की प्रश्नों की बौछार तो छोडिये; एक प्रश्न भी नहीं पूछा। याद कीजिए! निर्भया कांड से लेकर अनेको यौन अपराध देश के विभिन्न अंचलों में जब-जब घटित हुए, जिनमें राजनीतिक जमात के लोग शामिल नहीं होते है, तो टीवी चैनल बहस करते-कराते थक जाते हैं और अपनी ''टीआरपी'' को बढ़ाते हैं। शायद मीडिया को इस घटना को लेकर यह विश्वास हो गया होगा कि इस घटना पर चर्चा से टीआरपी तो बढ़ेगी नहीं? तो फिर बहस का फायदा क्या? क्या जनता से लेकर मीडिया किंग कर्तव्यविमुख हो गया? ऐसी शर्मनाक घटना पर अपना दायित्व पूरा करने में मीडिया पूरी तरह से असफल हो गया है। यह एक बडी चिंता का विषय है, और इस पर पूरी गहराई से विचार किया जाना आवश्यक है। हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

**विक्षिप्त मानसिकता?:** यह सेक्स कांड देश का ही नहीं, बल्कि विश्व का शायद सबसे बड़ा घृणित सेक्स कांड होकर गिनीज बूकस् ऑफ रिकार्ड में दर्ज होने लायक होगा। उक्त कांड के आरोपी की उम्र मात्र 33 साल है, जिसने अपने से छोटी व बड़ी महिलाओं के साथ बलपूर्वक, प्रलोभन या ड़र, भय व दहशत के वातावरण में शारीरिक संबंध बनाये। आश्चर्य व चिंता की बात यह नहीं है कि यह घटना लगभग 4-5 साल पुरानी बताई जा रही है, जैसा कि आरोपी के विधायक पिता ने खुद सार्वजनिक रूप से कहा। बल्कि इतनी बड़ी संख्याओं में महिलाओं जिनमें महिला पुलिस अधिकारी एवं प्रशासनिक अफसर भी शामिल है के साथ लम्बे समय से चले आ रहे ''दुराचार'' के बावजूद किसी भी महिला द्वारा लम्बा समय गुजारने के बावजूद कोई रिपोर्ट न लिखाना, घटना की वीभत्सा व आस-पास विद्यमान भयंकर परिस्थितियों को ही इंगित करती है। याद कीजिये! यह वही कर्नाटक प्रदेश है, जहां की विधानसभा में फरवरी 2012 में 3 भाजपा विधायक पॉर्न विडियो देखते हुए पकड़े गये थे, जिन्हें न केवल 2012 के विधानसभा चुनाव में टिकिट दिया गया, बल्कि इन तीनों में से एक लक्ष्मण सावदी को तो चुनाव हारने के बावजूद उप मुख्यमंत्री भी बना दिया गया।

# और कितने सेल्फ गोल मारोगे

राकेश शर्मा

एक बार , दो बार , तीन बार , कितनी बार , इंडी गठबंधन के नेता बारंबार सेल्फ गोल मारेंगे तो मोदी को 2024 के लोकतंत्र का सबसे बड़ा मैच का विजेता बनने से कौन रोक सकता है।

आप रायता फैलाते रहो , और फिर उसे समेटते रहो और आपके सामने जो ऑल राउंडर कप्तान खड़ा है वो हर गूगली, बाउंसर और फुल टॉस को मैदान के बाहर भेजने का एक्सपर्ट है।

चुनावी महासमर के मध्य में ऐसी ऐसी बातें कही जा रही हैं जो कोई अल्प बुद्धि, मंद बुद्धि बालक भी नहीं कर सकता और यह सत्तालोलुप खंडित , विखंडित इंडी गठबंधन के नेता अपने सामने मोदी जैसे एक सशक्त लोकप्रिय नेता को देखकर अर्धविक्षिप्त जैसी बातें कर रहे है जिसमें सत्ता प्राप्त करने के लिए विघटनकारी बू आ रही है।

अब कल का सतनरायण गंगाराम पित्रोदा जो अपने को अंग्रेज जैसा दिखने के लिए सेम पित्रोदा के नाम से ही प्रचलित कर रखा हैं , राजीव गांधी के सलाहकार रह चुके हैं और वर्तमान में शहज़ादे के राजनैतिक गुरु हैं ने भारत राष्ट्र की अस्मिता पर हमला करते हुए देश को नैन नक़्श और चमड़ी के रंग से ही बाँटने का कुत्सित प्रयास कर दिया। उन्होंने एक वक्तव्य में कहा कि इंडिया में उत्तर पूर्व के लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में अफ़्रीकन जैसे दिखते हैं, पश्चिम में अरब जैसे और उत्तर में गोरे होते हैं।

इतनी अक़्ल तो सबमें है की हमारा भारत विविधताओं से भरा हुआ एक बहुत सुंदर गुलदस्ता है जहां विभिन्न नैन नक़्श, चमड़ी के रंग, भाषा और भौगोलिक परिस्थिति में भारतीय रहते हैं। उन्हें आप किसी भी रूप में बाँट नहीं सकते क्यूँकि इन सबमें भारत माँ की आत्मा बसती है, भारत के संस्कार और मूल्य बस्ते हैं, इतनी सारी विविधताओं के बावजूद हम सब एक हैं।



कल जब एक चुनावी रैली में इस विघटनकारी वक्तव्य का मोदी ने झन्नाटेदार देशभक्ति से ओतप्रोत जवाब दिया तो पूरी कांग्रेस के होश उड़ गए और तुरत फुरत सभी रायता समेटने में लग गये। पहले कहा अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस के चेयरमैन पित्रोदा के इस वक्तव्य से कांग्रेस का कोई लेना देना नहीं है यह उनका व्यक्तिगत विचार है, समझ में नहीं आता सार्वजनिक जीवन में सार्वजनिक मंच से कही गई कोई बात कैसे सुविधानुसार व्यक्तिगत हो जाती है।

हैरानी तब हुई जब कांग्रेस ने शहज़ादे के गुरु पर कोई एक्शन नहीं लिया क्यूँकि वो कांग्रेस में सर्वशक्तिमान व्यक्ति के गुरु हैं और गुरु शिष्य परंपरा तो निभानी ही पड़ती है (गुरु साक्षात पर ब्रह्मा, तस्मै श्री गुरुवे नमः), इस वक्तव्य पर ना तो शिष्य ने , ना ही उनकी सहोदरी ने और ना ही नाममात्र के अध्यक्ष ने ही निंदा करते हुए कोई वक्तव्य दिया और ना ही पार्टी से निष्कासित किया । हाँ एक दिखावा ज़रूर किया जब सतनारायण गंगाराम पित्रोदा ने कांग्रेस को चुनावी समर में पूरी तरह डुबोकर स्वतः अपने पद से इस्तीफ़ा देने की नौटंकी की। ध्यान रहे कांग्रेस ने इस धुर भारत विरोधी मानसिकता वाले व्यक्ति पर कोई एक्शन नहीं लिया है।

यह वही व्यक्ति है जो वही बयान देते हैं जो इनका शिष्य चाहता है या जो कहना चाहते है वह शिष्य से कहलवा देते हैं।

ध्यान रहे जब चुनाव घोषणा पत्र में राहुल की कांग्रेस ने जातीय आधार पर जनगणना कर किसी बड़े एक्शन की बात कही तो इसी पित्रोदा ने तब यह कह कर की मृत्यु के बाद अमेरिका में पचपन प्रतिशत संपत्ति पर सरकारी अधिकार होने का जुमला उछाल कर चुनावी भूकंप ला दिया और लोगों में संशय पैदा हो गया की शिष्य गुरु की बात मानकर भारत में यह लागू ना करवा दे।

भारत एक राष्ट्र नहीं राज्यों का समूह है वह भी इसी पित्रोदा द्वारा आयोजित एक समारोह में राहुल ने कहा था । कितना विभाजनकारी वक्तव्य था।

अभी इस अनर्गल झंझट से निपट ही रहे थे की लालू ने सात मई की सुबह चुनाव प्रारंभ होने से पहले यह कहकर की मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए मुस्लिम वोट पाने के लिए चुनाव का आख्यान ही बदल दिया और जब शाम को चुनाव संपन्न हो गया तब एक शातिर झूठे की तरह सुबह के बयान से शाम को पलटते हुए कह दिया आरक्षण का आधार सामाजिक होना चाहिए, यह वही लालू हैं जिन्होंने मोदी से उनके परिवार के बारे में पूछा तो पूरे देश ने एक साथ कहा 卐मैं हूँ मोदी का परिवार卐 इनकी बेटी मीसा ने तो यह कहकर हद ही कर दी की मोदी को फाँसी देनी चाहिए।

उधर अखिलेश के चाचा समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने तो सनातन पर एक और चोट करते हुए कह दिया अयोध्या में बना राम मंदिर बेकार है, इसका नक़्शा ख़राब है। क्या इन प्रोफेसर को यह नहीं मालूम कि अयोध्या का राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था से जुड़ा है। उन सभी भक्तों की भावना कितनी आहत कर दी वो भी एक वर्ग का वोट पाने के लिए।

यह इंडी गठबंधन के नेता सनातन को डेंगू, मलेरिया, एचआईवी, करोना कहकर, सनातन समाप्त करने की बात कर, या भारत के राज्यों को चमड़ी के रंग से , नैन नक़्श से , जातियों में बाँटकर ही चुनाव जीतना चाहते हैं। दुर्भाग्य है हमारे देश में सत्ता प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक गिरने वाले नेताओं को राष्ट्र प्रेमी जनता को झेलना पड़ रहा है।

# राम निवास रावत और निर्मला सप्रे कांग्रेस में जल्द वापसी करेंगी

हरीश दिवेकर

क्या ये सुन कर आप भी उतना ही चौंके हैं, जितना इनके पार्टी बदलने पर कांग्रेस चौंकी थी। जिस वक्त राम निवास रावत ने पार्टी बदली उस वक्त से ये अटकलें तेज हो गईं कि उनके दल बदल से पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को नुकसान होगा। पूरे सागर जिले की विधानसभा सीटों में एक सीट कांग्रेस के खाते में आई थी, वो थी बीना की सीट। यहां से जीती थीं निर्मला सप्रे। वो भी बीजेपी आ गईं। अपनी मूल पार्टी को छोड़ने से लेकर अब तक इन विधायकों ने कुछ ऐसा कर दिया है, जो बार-बार ये संकेत दे रहा है कि ये जल्द कांग्रेस में वापसी कर लेंगे और अगर ऐसा होता है तो क्या ये सिर्फ बीजेपी का एक चुनावी स्टंट या प्रेशर पॉलीटिक्स मानी जाएगी।

विधानसभा की सदस्यता से नहीं दिया इस्तीफा

कांग्रेस के विधायक रहे सचिन बिरला की तर्ज पर वर्तमान विधायक रामनिवास रावत और विधायक निर्मला सप्रे ने भाजपा का दामन तो थाम लिया है, लेकिन उन्होंने विधायकी से इस्तीफा नहीं दिया है। सचिवालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक दोनों ने पार्टी तो बदल ली है, लेकिन अब तक विधायक के पद से इस्तीफा नहीं दिया है।

रामनिवास रावत को कांग्रेस छोड़े हफ्ते भर से ज्यादा हो चुका है और निर्मला सप्रे को भी कुछ दिन बीत चुके हैं। इस्तीफे के सवाल पर निर्मला सप्रे ने मीडिया से कहा कि अभी उन्होंने विधायक पद से इस्तीफा नहीं दिया है। पहले वो पार्टी नेताओं से चर्चा करेंगी फिर इस संबंध में कोई फैसला लेंगी। हालांकि, बीजेपी ज्वॉइन करने के बाद भी निर्मला सप्रे ने सोमवार को सार्वजनिक तौर पर सागर से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार नहीं किया।



## सचिन बिरला का इस्तीफा वोटिंग के बाद स्वीकार किया था

मप्र में पिछले 39 दिन में निर्मला सप्रे कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वॉइन करने वाली तीसरी विधायक हैं। इससे पहले विजयपुर से कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत ने 30 अप्रैल को भाजपा की सदस्यता ली थी। अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह ने 29 मार्च को भाजपा ज्वॉइन की और पार्टी बदलते ही विधानसभा सचिवालय को अपना इस्तीफा भेज दिया था।

इससे पहले इस्तीफा न देने का उदाहरण पेश किया था बड़वाह से कांग्रेस विधायक रहे सचिन बिरला ने। सचिन बिरला ने 24 अक्टूबर 2021 को एक जनसभा में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद वे कांग्रेस के विधायक रहे और काम भाजपा का करते रहे। इसके बाद मप्र विधानसभा सदस्य नियम 1986 के तहत तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने बिरला की सदस्यता रद्द करने की मांग की थी। हालांकि, उनका इस्तीफा स्वीकर हुआ विधानसभा चुनाव 2023 की वोटिंग के बाद।

## क्या कहता है दल बदल कानून

ऐसे में ये जान लेना जरूरी है कि दल बदल के बाद इस्तीफा देना या नहीं देना इतनी सुर्खियां क्यों बटोर रहा है। इसके लिए कोई नियम है भी या कोई भी विधायक जब चाहें तब किसी और पार्टी को ज्वॉइन कर सकता है और विधायक भी बना रह सकता है। असल में दल बदल को लेकर भी सख्त कानून है। पहले आप उस कानून को थोड़ा आसान भाषा में समझिए।

साल 1985 में 52वें संविधान संशोधन के माध्यम से देश में 'दलबदल विरोधी कानून' पारित किया गया और इसे संविधान की दसवीं अनुसूची में जोड़ा गया। इस कानून का मुख्य मकसद है भारतीय राजनीति में दलबदल की परंपरा पर लगाम कसना। इस कानून के तहत दल बदल के कुछ नियम बनाए गए हैं। जो भी निर्वाचित प्रतिनिधि उसे तोड़ता है तो वो अपने पद के अयोग्य माना जाता है, जिसके चलते उसे इस्तीफा भी देना पड़ता है।

## दल बदल कानून के अनुसार.....

- अगर निर्वाचित सदस्य स्वेच्छा से किसी राजनीतिक दल की सदस्यता छोड़ देता है।
- कोई निर्वाचित सदस्य जीत किसी अन्य दल से हासिल करता है और फिर किसी और दल में शामिल हो जाता है।
- कोई निर्वाचित सदस्य सदन में पार्टी के रुख के विपरीत वोट करता है।
- कोई सदस्य स्वयं को वोटिंग से अलग रखता है।
- छह महीने की अवधि के बाद कोई मनोनीत सदस्य किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है

तो कानून का पालन करते हुए उसकी सदस्यता खत्म की जा सकती है। कानून के अनुसार, सदन के अध्यक्ष के पास सदस्यों को अयोग्य करार देने संबंधी निर्णय लेने की शक्ति है। अध्यक्ष जिस दल से है, यदि शिकायत उसी दल से संबंधित है तो सदन में मौजूद चुने गए किसी अन्य सदस्य को इस संबंध में निर्णय लेने का अधिकार है।

इन नियमों से ये साफ है कि चुने हुए जनप्रतिनिधि ने अगर जीत के बाद पार्टी बदली है तो उसे सबसे पहले अपने पद से इस्तीफा देना पड़ेगा। यानी उसकी सीट पर उपचुनाव होगा। ये नियम रामनिवास रावत पर भी लागू होता है और निर्मला सप्रे पर भी। यानी पार्टी बदलते ही दोनों को विधायकी भी छोड़ना चाहिए थी, लेकिन सरेआम इस ऐलान के बावजूद ये दोनों ही दल बदल विरोधी कानून का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके क्या मायने हैं, सियासी गलियारों में दोनों के रूख को लेकर ढेरों सवाल उठ रहे हैं। कुछ अटकलें ये भी हैं कि दोनों ज्यादा दिन बीजेपी का हिस्सा नहीं रहेंगे।

## विधायकों का दल बदल करवाना बीजेपी की चुनावी पॉलीटिक्स का हिस्सा था?

रामनिवास रावत और निर्मला सप्रे ने जब दल बदल किया होगा तो ये तय माना जा सकता है कि दल बदल की शर्त में एक शर्त ये भी होगी कि उपचुनाव होने पर बीजेपी उन्हीं ही टिकट देगी। एक नियम ये भी है कि इनका इस्तीफा होते ही, सीट खाली होने के छह महीने के भीतर सीट पर उपचुनाव करवाने होंगे। ताकि दूसरा विधायक जनता को मिल सके। तो क्या ये माना जाए कि किसी दबाव में आकर दोनों ने कांग्रेस पार्टी से तो नाता तो तोड़ लिया, लेकिन विधायक के पद को लेकर संशय अब भी बरकरार है। इसलिए इस्तीफा नहीं दे रहे। क्योंकि, पहले तो दोनों को ये तय करना होगा कि टिकट उन्हीं को मिले। फिर बीजेपी के टिकट से ही वो जीत हासिल कर लें, इसकी श्योरिटी भी होना जरूरी है या फिर इन दो विधायकों का दलबदल करवाना बीजेपी की चुनावी पॉलीटिक्स का हिस्सा था।

इसकी एक वजह ये मानी जा रही है कि राम निवास रावत कांग्रेस के बहुत पुराने नेता हैं और अपने समुदाय में अच्छी पकड़ रखते हैं। छह बार के विधायक रहे राम निवास रावत बड़ा ओबीसी चेहरा होने के साथ साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उनकी पार्टी बदलने की टाइमिंग भी परफेक्ट थी। जिस दिन राहुल गांधी भिंड जिले के दौरे पर थे, उसी दिन राम निवास रावत पार्टी बदल रहे थे। नतीजा ये हुआ कि राहुल गांधी की सभा से ज्यादा राम निवास रावत की दल बदल की चर्चा होती रही। कांग्रेस की किरकिरी भी खूब ही। ये भी माना गया कि रावत के दल बदल का असर दिग्विजय सिंह के चुनाव पर भी पड़ेगा। क्योंकि अब ग्वालियर चंबल का ओबीसी वोटर राम निवास रावत के साथ बीजेपी का रुख कर सकता है।

## क्या ये चुनाव पूरा होते ही ये ड्रेमेटिक स्टंट खत्म होगा

इसी तरह निर्मला सप्रे के दल बदल का फायदा शायद बीजेपी ने सागर की सीट पर उठाने की कोशिश की। वैसे तो सागर लोकसभा सीट भी 1996 से बीजेपी के खाते में ही है, लेकिन इस बार लता वानखेड़े के सामने कांग्रेस ने गुड्डू राजा बुंदेला को उतारकर बीजेपी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं, जो जीत बहुत आसान दिख रही थी उस जीत को कांग्रेस ने अपने फैसले से मुश्किल बना दिया है। गुड्डू राजा बुंदेला को टिकट कुछ देर से मिला, लेकिन उन्होंने उस समय को कवर करने में देर नहीं लगाई और लता वानखेड़े पर भारी पड़ते नजर आए। आपको बता दें कि गुड्डू राजा बुंदेला झांसी ललितपुर के पूर्व सांसद सुजान सिंह बुंदेला के बेटे हैं और, राजनीति के मैदान के पुराने खिलाड़ी हैं। बुंदेला ने विधानसभा चुनाव से पहले ही आलीशान गाड़ियों के काफिले के साथ कांग्रेस में प्रवेश किया था। विधानसभा में उन्हें टिकट नहीं मिल सका। अब लोकसभा चुनाव के मैदान में वो कड़ी चुनौती बन रहे हैं।

ऐसे में सागर लोकसभा सीट पर कांग्रेस कमजोर हो रही है, ये मैसेज देना जरूरी हो गया था, लेकिन खबर लिखे जाने तक निर्मला सप्रे ने न तो इस्तीफा दिया था और न ही वो बीजेपी के चुनाव प्रचार का हिस्सा बनी थीं। इसलिए ये सवाल तो पूछा ही जाना चाहिए कि क्या राम निवास रावत वर्षों की निष्ठा भुलाकर और निर्मला सप्रे किसी दबाव के चलते अचानक पार्टी बदलने पर मजबूर हुए हैं और क्या ये चुनाव पूरा होते ही ये ड्रेमेटिक स्टंट खत्म होगा और दोनों नेता अपनी अपनी पार्टी का रुख कर लेंगे। फिलहाल तो सब चुनाव में उलझे हैं। लेकिन इससे फारिग होते ही इन दोनों पर सवाल जरूर उठेंगे।

# पहले चुनाव, जहां एक ही हवा, एक ही भाव

सरयूसुत मिश्रा

बाकी चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ने की पूरी संभावना है. अब तक 282 सीटों पर मतदान हो चुका है. मतदान प्रतिशत के आधार पर चुनावी नतीजे का विश्लेषण, परिणाम के दिन तक चाय की चर्चा का विषय बने रहेंगे. देश में यह चुनाव एनडीए 400 पार के लिए लड़ रहा है, तो विपक्षी गठबंधन सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि एनडीए को अपना लक्ष्य पार नहीं होने देने के लिए लड़ता दिखाई पड़ रहा है.

देश के हर कोने में चुनाव परिणामों को लेकर परसेप्शन क्लियर और कॉन्फिडेंट है. पहले राजनेता अति-आत्मविश्वास में होते थे, इस बार देश की जनता अति-आत्मविश्वास में दिखाई पड़ रही है. यह चुनाव कई राजनीतिक राजवंश के लिए निराशाजनक साबित होंगे. यह लोकसभा चुनाव मोदी वर्सेस मोदी लड़े जा रहे हैं. हर सीट पर बीजेपी, एनडीए प्रत्याशी, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं. विपक्षी गठबंधन पीएम मोदी की सरकार उनकी नीतियों और उनके भावी राजनीतिक इरादों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं. विपक्ष अपना कोई सकारात्मक एजेंडा चुनाव में पेश नहीं कर पा रहा है. मोदी के पक्ष और विपक्ष में ही चुनाव सिमट गया है. लोकसभा चुनाव परिणाम के बारे में राजनीतिक रूप से निरक्षर मतदाता भी स्पष्टता के साथ यह कहता सुना जा सकता है,कि क्या परिणाम आने वाला है.

पीएम मोदी के विरोध में चुनावी मैदान में उतरा विपक्षी गठबंधन भी अपनी जीत का दावा नहीं कर रहा है? यह गठबंधन केवल इसी चुनावी चर्चा में व्यस्त है, कि नरेंद्र मोदी को 400 सीटों के पार नहीं जाने देना है. प्रचार अभियान में चुनावी चर्चा जीत और हार की नहीं हो रही है बल्कि सीटों की संख्या की हो रही है. जीत का परसेप्शन दीवार पर लिखी इबारत जैसा स्पष्ट है.

केवल उत्तर भारत में ही नहीं दक्षिण, पूर्व और पश्चिमी भारत में एक जैसी चुनावी हवा दिखाई पड़ रही है. यद्यपि दक्षिण भारत में कुछ राज्यों में विपक्षी गठबंधन की संभावनाएं ज्यादा प्रबल दिखाई पड़ रही है, लेकिन तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी एनडीए सीटें हासिल करने में सफल हो सकता है. इन राज्यों में बीजेपी का मत प्रतिशत तो काफी बढ़ने की उम्मीद है. इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में बीजेपी एक सशक्त राजनीतिक दल के रूप में क्षेत्रीय दलों को चुनौती देने की स्थिति में आती दिखाई पड़ रही है.

उत्तर भारत के राज्यों में यूपी, बिहार, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, छत्तीसगढ़ में 2019 में भाजपा द्वारा जीती गई सीटों की संख्या 2024 में बढ़ने की पूरी संभावना दिखाई पड़ रही है.पश्चिम बंगाल में भी बीजेपी की सीटें बढ़ती हुई दिखाई पड़ रही है. उड़ीसा में भी बीजेपी ग्रोथ की ओर दिख रही है. नॉर्थ ईस्ट में भाजपा अपनी संभावनाओं को मजबूत करती दिख रही है. कर्नाटक और तेलंगाना में बीजेपी की संभावनाओं पर विपक्षी गठबंधन में सवाल खड़े कर रहा है लेकिन चुनाव परिणाम बीजेपी के लिए सकारात्मक रहने की संभावना है.



मध्य प्रदेश में 2019 के चुनाव में भी मोदी वर्सेस मोदी ही चुनाव हुआ था. इसी कारण मोदी के विरोध की पार्टी से चुनाव मैदान में उतरे ज्योतिरादित्य सिंधिया को हार का सामना करना पड़ा था. इस बार सिंधिया, नरेंद्र मोदी की पार्टी से चुनाव मैदान में हैं. उनकी जीत सुनिश्चित मानी जा रही है. यद्यपि लोकतंत्र में राजनीतिक राजवंशों का महत्व लगातार कम होता जा रहा है. इस चुनाव में वहीं राजनीतिक राजवंश चुनावी जीत हासिल करने में सफल होते दिखाई पड़ रहे हैं,जिनको मोदी और उनकी पार्टी का साथ मिला है.

मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा और राजगढ़ दो सीटें हैं, जहां राज्य के दो कद्दावर नेता भाग्य आजमा रहे हैं. छिंदवाड़ा में कमलनाथ के बेटे चुनाव मैदान में हैं, तो राजगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. इन दोनों सीटों परअच्छा खासा मतदान हुआ है. राजगढ़ में तो 2019 के चुनाव की तुलना में लगभग दो प्रतिशत ज्यादा मतदान हुआ है. दो फीसदी अधिक मतदान का मतलब हुआ,कि लगभग तीस से चालीस हज़ार अधिक मतदान. इस लोकसभा सीट पर लगभग 21 लाख मतदाता बताये जा रहे हैं. इनमें दो प्रतिशत की वृद्धि इसी संख्या के आसपास आएगी.

राजगढ़ सीट पर भी कांग्रेस और एनडीए के प्रत्याशी के बीच में मुकाबले के रूप में अगर इस चुनाव का आँकलन किया जाएगा, तो दिग्विजय सिंह की जीत पक्की कहीं जा सकती है. बीजेपी उम्मीदवार के रोडमल नागर के खिलाफ क्षेत्र में नाराजगी भी देखी गई है. लेकिन नागर अपने लिए नहीं बल्कि पीएम मोदी के लिए वोट मांग रहे हैं. राजगढ़ में वोट प्रतिशत बढ़ने से जहां कांग्रेस के समर्थक खुश हैं, कि उनके राजा के पक्ष में यह मतदान हुआ है, तो वहीं भाजपा इसे पीएम मोदी के समर्थन में मतदान के रूप में देख रही है. राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव के परसेप्शन को देखते हुए ऐसा कहा जा सकता है, कि देश में चुनाव की हवा और भाव कमोवेश एक जैसे ही होते हैं. घटते बढ़ते मतदान प्रतिशत से परिणाम का आँकलन करने की बजाय परसेप्शन पर आँकलन करना ज्यादा सटीक बैठता है.

लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान भले ही हिंदू मुस्लिम विभाजन, मुस्लिम आरक्षण, संविधान खत्म करने और लोकतंत्र बचाने के साथ ही आरक्षण समाप्त करने की साजिश पर सिमटा हुआ है. चुनावी प्रचार अभियान में यह नेगेटिव मुद्दे तो भोजन में अचार पापड़ जैसी भूमिका निभा रहे हैं. इस बार जनादेश का जो सकारात्मक दृष्टिकोण है, वह देश में स्थिर सरकार, मजबूत भारत, मजबूत नेता, सशक्त राष्ट्रवाद, विकास के पैमाने, पुरानी सरकारों से उनकी तुलना और शासकीय योजनाओं के लाभार्थी वर्ग बने हुए हैं. इन सभी पैरामीटर पर, अगर संभावित चुनाव परिणाम का आँकलन किया जाता है, तो परिणाम की स्पष्टता में कोई संदेह नहीं हो सकता.

इसी साल कुछ समय पहले हुए विधानसभा चुनाव में जिस तरह से परिणाम आए हैं, वह भी लोकसभा के परिणाम का संकेत कर रहे हैं. इन चुनाव में महिला वोटर भी बहुत बड़ा फैक्टर है. चुनावी इतिहास बताता है,कि पीएम मोदी को महिला वोटर्स का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है. यह लोकसभा चुनाव महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण देने की नारी वंदन कानून बनने के बाद पहली बार हो रहे हैं. मध्य प्रदेश में तो लाडली बहना योजना का डंका अभी भी बज रहा है. महिलाएं धर्म और जाति की सीमा से ऊपर उठकर पीएम मोदी के समर्थन में दिखाई पड़ रही हैं.

मुस्लिम महिलाओं का मिल रहा समर्थन भी चुनाव परिणाम का संकेत कर रहा है. पीएम मोदी के मुकाबले विपक्षी गठबंधन के पास प्रधानमंत्री उम्मीदवार का कोई चेहरा नहीं होना भी चुनाव परिणाम की दिशा बता रहा है.

अगर इससे ज्यादा संभावित परिणामों पर कोई टिप्पणी की जाती है, तो फिर श्ङ्करूको अपनी इज्जत बचाना मुश्किल हो जाएगा. तीनों चरणों में कई विपक्षी नेताओं ने श्ङ्करूपर तो सवाल खड़े ही किए हैं. भले ही सुप्रीम कोर्ट ने श्ङ्करूपर सवाल पूरी तरह से खारिज कर दिए हो, लेकिन हार के कारण कोई खुद को तो मानता नहीं है, इसके लिए जिम्मेदार किसी न किसी कारण को बनाना पड़ेगा, और श्ङ्करूसे बड़ा कारण तो कुछ भी नहीं हो सकता.

राहुल गांधी और दूसरे कांग्रेस नेताओं के सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो और रील्स उपलब्ध है, जिसमें वह कह रहे हैं कि पीएम मोदी श्ङ्करूके भरोसे ही चुनाव जीत सकेंगे. जिन्हें मतदाताओं पर भरोसा नहीं है, वह श्ङ्करूपर भरोसा कैसे कर सकते हैं?

लोकसभा चुनाव के परिणाम के लिए तो 4 जून का इंतजार करना ही पड़ेगा. लेकिन जनादेश का परसेप्शन परिणाम की ओर संकेत कर रहे हैं. जनता का अति-आत्मविश्वास लोकतंत्र में विश्वास को बढ़ा रहा है. कहीं भी जनता के बीच चले जाइए, उसके बाद चुनाव परिणाम के लिए किसी ओपिनियन पोल एग्जिट पोल की कोई जरूरत नहीं है. जो दाता है, जो लोकतंत्र का भाग्य विधाता है, वही जब सत्य का बोध कराता है, तो फिर कम और अधिक मतदान से परिणाम आँकने की कोई जरूरत नहीं है.

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# तेज गर्मी और हीट वेव की वजह से बढ़े मरीज



**विदिशा।** वर्तमान में विदिशा शहर का पारा 41 डिग्री से 43 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। तेज गर्मी की वजह से और हीट वेव की वजह से लोगों की बीमारियां बढ़ रही हैं। उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ जिला अस्पताल में 15 से 20 फ़ीसदी मरीजों की तादाद बढ़ी है। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रदीप गुप्ता बताते हैं कि तेज गर्मी से बचने के लिए लोगों को शीतल पेयजल का इस्तेमाल करने, घर की बनी सामग्री खाने की सलाह दी है। साथ ही साथ बाहर निकलने पर तेज धूप में बचने के लिए सफेद तोलिया का इस्तेमाल करना चाहिए। वहीं जितना हो सके घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। तेज गर्मी की वजह से गर्म हवाओं के थपेड़ों से आमजन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। लोग तेज गर्मी से बचने के लिए घर से बहुत जरूरी काम होने के कारण ही निकल रहे हैं, उस पर भी टोपी, गमछा का साथ लेकर चल रहे हैं। अधिकांश दोपहर के समय शहर के बाजार और सड़के सूनी दिखाई दे रही है। बुधवार का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। घर के बाहर निकले लोग बताते हैं कि जरूरी काम के लिए तेज गर्मी हो या कोई और परिस्थिति निकालना ही पड़ता है। वहीं लोगों को कम से कम घर से निकलने की सलाह विशेषज्ञों द्वारा दी गई है।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल पहुँचकर किया रक्तदान



दमोह । कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल पहुँचकर रक्तदान किया। उन्होंने कहा आज विश्व रेडक्रॉस दिवस और अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस है। यहां पर थैलेसीमिया के जो मरीज है, उनको सही और त्वरित इलाज, उनको ब्लड की और अन्य संसाधनों की समयबद्ध उपलब्धता के लिए हम लोग अपना संकल्प दोहराते हैं। उन्होंने कहा आज विश्व रेडक्रॉस दिवस है। उन्होंने कहा आज ही के दिन अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस की स्थापना हुई थी, जो की पीड़ित मानवता की भलाई के लिए काम करता है। उन्होंने कहा रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जिले में कई आयोजन किए गए हैं, जिनमें से एक रक्तदान शिविर भी है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा मैं जिले के रेड क्रॉस समीति का अध्यक्ष हूं, इसलिये मुझे लगता है कि यह मेरा नैतिक दायित्व है और मेरी पहली जिम्मेदारी है कि मैं दूसरों को प्रेरणा देने से पहले स्वयं रक्तदान करूं। इसलिए आज जिला अस्पताल में पहुंचकर रक्तदान किया है। उन्होंने जिले और जिला अस्पताल की रक्तदान की पूरी टीम को बधाई और धन्यवाद देते हुये कहा की टीम ने बहुत अच्छी व्यवस्थाएं यहां पर की है। लगातार लोग यहां पर रक्त दान करके जा रहे है। यह रक्त किसी न किसी जरूरतमंद के काम आएगा और हम उनको बीमारियों से बचा पाएंगे, यही हमारी कामना है।

# वन विभाग की मेहनत लाई रंग, दोनों शावकों को सकुशल भेजा वन मंडल भोपाल

**औबेदुल्लागंज ।** रातापानी अभ्यारण अंतर्गत सभी आला अधिकारी अपने दल बल के साथ बाघ के दो शावकों को ढूंढने में लगे था। बता दें कि आपसी संघर्ष में दोनों शावकों की माँ की मौत हो गई थी। रातापानी के दाहोद रेंज में बीते पांच से 06 दिनों पहले 05 माह के शावक का शव मिला वहिं, शावक के माँ का शव मिलने से वन विभाग में अफरा-तफरी मच गई। बाघ से संघर्ष के बीच बाघिन व उसके एक बच्चे की मौत हो गई थी एवं दो शावक लापता थे। हिंसक जंगली जानवरों से बचाने के लिए सम्पूर्ण वन अमला दिनरात एक कर 06 से 08 महीने के बीच के दोनों शावकों रेस्क्यू करने में सफलता प्राप्त कर ली है। दोनों नन्हे शवको को वन विहार भोपाल ले जाया गया है। आज सुबह सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है वन विहार वाले दोनों शावको को ले गए दोनों शाबक स्वस्थ हैद्य हेमंत रैकवार वन मंडल अधिकारी औबेदुल्लागंज

# कलेक्टर द्वारा ली गई स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

मण्डला। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ.सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि प्रत्येक गर्भवती महिला का समय पर पंजीयन कर उनके टीकाकरण की कार्यवाही सुनिश्चित करें।प्रत्येक गर्भवती महिला की प्रीवियस हिस्ट्री का अध्ययन करते हुए आवश्यकतानुसार उनकी जांच कराएं।जांच परिणामों के आधार पर उनकी काउंसलिंग तथा उपचार की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने कहा कि मातृ तथा शिशु मृत्यु दर को नियंत्रित करने में आशा कार्यकर्ता,एएनएम तथा सीएचओ विशेष ध्यान रखें।समीक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने सभी विकासखंडों के मातृ तथा शिशु मृत्यु के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई,उन्होंने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य संबंधी विषयों के संबंध में समाज को जागरूक करना स्वास्थ्य विभाग की अहम जिम्मेदारी है तथा सभी शासकीय कर्मचारीयों द्वारा भी 02 से अधिक संतान होने पर विशेष नियमों के अंतर्गत नियमावली पर जोर दिया जावे।02 संतान वाले दंपत्तियों को परिवार नियोजन की सलाह दिया जावे,अधिक संतान होने पर माता के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराएं। उन्होंने सिकलसेल से ग्रसित दंपत्तियों की भी काउंसलिंग करने के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए।

**हाईरिस्क महिलाओं के चिन्हांकन में सावधानी बरतें:** कलेक्टर डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं का समय पर चिन्हांकन करते हुए उनकी अनमोल पोर्टल पर एंट्री करें।हीमोग्लोबिन,ब्लडप्रेशर, वजन एवं सुगर आदि की जांच तथा प्रीवियस हिस्ट्री के आधार पर सावधानीपूर्वक हाईरिस्क महिलाओं का चिन्हांकन करें तथा जांच रिपोर्ट में उनकी काउंसलिंग तथा उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें।रेफर की स्थिति में फॉलोअप किया जाना सुनिश्चित करें।जिला कलेक्टर डॉ सिडाना ने स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारीयों को निर्देशित किया कि उपलब्ध संसाधनों के आधार पर सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर उपचार प्रदान करें तथा अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार के मरीजों को रेफर नहीं किया जावे अनावश्यक रूप से मरीजों को रिफर नहीं किए जाने को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन स्वास्थ्य विभाग को आदेशित किया गया।

# दस मई को बैतूल के चार मतदान केन्द्रों पर होगा पुर्न-मतदानः कलेक्टर

## बस अग्नि दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हुई थी ईव्हीएम, दस मई पुर्नमतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित

**सांध्य प्रकाश संवाददाता बैतूल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि बैतूल संसदीय क्षेत्र के मुलताई विधानसभा के अंतर्गत 4 मतदान केन्द्रों राजापुर-275, डूडर रैय्यत-276, कुंदा रैय्यत-279 एवं चिखलीमाल-280 पर 10 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक पुर्न-मतदान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 7 मई को हुए मतदान से लौटते समय बस में आग लग से इन केन्द्रों की ईव्हीएम क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रतिवेदन पर भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुर्न-मतदान के निर्देश दिए है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सूर्यवंशी द्वारा 10 मई 2024 को पुर्नमतदान के दिन मुलताई विधानसभा के 4 मतदान केन्द्रों राजापुर-275, डूडर रैय्यत-276, कुंदा रैय्यत-279 एवं चिखलीमाल-280 में 3 किलोमीटर की परिधि में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

श्रमिकों के लिए की सार्वजनिक अवकाश की अपील श्रम पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार बैतूल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मुलताई विधानसभा क्षेत्र के 4 मतदान केन्द्रों राजापुर-275, डूडर रैय्यत-276, कुंदा रैय्यत-279 एवं चिखलीमाल-280 में 3 किलोमीटर की परिधि में आने वाले कारखानों में कार्यरत श्रमिक को अपने मत का उपयोग करने के लिए कारखाना प्रबंधकों से सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की अपील की गई है।




निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में उपरोक्त मतदान केन्द्रों के ऐसे मतदाता जो मध्य प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों में व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य स्थापनाओं के ऐसे नियोजित कामगार जो उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मतदाता है। उन्हें मतदान हेतु नियत पुर्नमतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाए। इस हेतु कारखाना प्रबंधकों से अधीनस्थ कार्यरत मजदूरों एवं कर्मचारियों को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश प्रदान करने की अपील की गई है।

### सवैतनिक अवकाश

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यह आदेश उन सभी 5 राज्यों के श्रमिकों पर लागू होगा जहां लोकसभा के सदस्यों का निर्वाचन क्षेत्र है। अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उससे कोई कमी नहीं की जाएगी। और ऐसे व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतः किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी । तो इस बात के होते हुए भी उसको ऐसे दिन के लिए यह मजदूरी संदत की जाएगी जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किया जाने की दशा में दी गई हो। यदि कोई नियोजन उसका उल्लंघन करता है। तो जुर्माना 500 रूपए तक दंडनीय होगा। बैतूल संसदीय क्षेत्र के मुलताई विधानसभा के 4 मतदान केन्द्रों राजापुर-275, डूडर रैय्यत-276, कुंदा रैय्यत-279 एवं चिखलीमाल-280 में प्रभावशील रहेगा।

# परशुराम जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ




**विदिशा ।** अक्षय तृतीया भगवान श्री परशुराम जयंती के अवसर पर ब्राह्मण मैत्री की महिलाओं द्वारा स्थानीय जालोरी गार्डन में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं दो दिवसीय अक्षय मेला प्रारंभ हुआ ।

ब्राह्मण मैत्री की संयोजक श्रीमती रितु देवलिया ने बताया कि भगवान श्री परशुराम जी के प्रकट्योत्सव उत्सव पर दो दिवसीय कार्यक्रम रखा गया है जिसमें प्रथम दिवस की शुरुआत में प्रख्यात कथा वाचक श्री अंकित कृष्ण बटुक जी, डॉ कमल चतुर्वेदी, डॉक्टर उज्जवला शर्मा, डॉक्टर निर्मला तिवारी, सुषमा बिरथरे, ऊषा चौबे ने भगवान परशुराम जी की मूर्ति पर पूजन कर तथा 15 बटुकों ने स्वस्तिवाचन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की मैत्री ग्रुप की महिलाओं ने सरस्वती पूजन किया गया अतिथियों ने धर्म एवं सामाजिक रीतियों तथा वासुदेव कुटुंब काम की भावना को रखने पर विचार व्यक्त किया कार्यक्रम में 18 बच्चों ने नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया एवं 12 बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा लगभग 15 बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया सभी प्रतियोगियों को सम्मानित किया गया तथा उनको सर्टिफिकेट प्रदान किए गए

भगवान की जयंती को सार्थक बनाने के उद्देश से आयोजन में शहर में जो कामकाजी महिलाएं हैं जो घर से साड़ी, सूट, ड्रेस मटेरियल, सौंदर्य प्रसाधन, खाने के समान केक, प्रेस्टी, बिस्कुट आदि आर्टिफिशियल ज्वेलरी, चिप्स, पापड़, मसाले एवं घरेलू उपयोग की विभिन्न सामानों सहित बैग,सीनरी आदि के स्टॉल कार्यक्रम में लगाए गए इसमें भी शहर के लोगों ने बढ़-चढ़कर रुचि दिखाई देव शाम तक मेले में खरीदारी चलती रही ।

दूसरे दिन यानी गुरुवार को अंतिम दिवस रहेगा जिसमें महिषासुर मर्दनी का नाट्य मंचन, गायन प्रतियोगिता, वादन प्रतियोगिता तथा वादन प्रतियोगिता होगी

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**विदिशा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला शाखा द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 65 मरीजों की जांच की गई एवं 10 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की जांच कर उनके पालकों की काउंसलिंग की गई। एक बच्चे को ऑपरेशन के लिए भोपाल भेजा गया। अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी एवं कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में 65 मरीजों की जांच डॉक्टर योगेश भरसट, डॉक्टर विनोद भट्ट, डॉक्टर कुशाग्र दीक्षित, डॉक्टर सचिन गर्ग, डॉक्टर हंसा शाह, डॉक्टर रूपिका गर्ग एवं डॉक्टर सौम्यता मिश्रा द्वारा की गई। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की जांच आईएमए के डॉक्टर एमके जैन, डॉक्टर सुरेंद्र सोनकर, डॉ. राजीव जैन एवं डॉक्टर सुमित जैन द्वारा की गई। डॉक्टर वीर बहादुर यादव फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा 20 मरीजों की निशुल्क फिजियोथैरेपी की गई। आशीष पैथोलॉजी के डॉक्टर वीपी मेहरा द्वारा रियायती दरों पर पैथोलॉजिकल जांच की गई। डायविटीज के आवश्यक मरीजों की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर डॉक्टर योगेश भरसट ने कहा कि यथा संभव सामाजिक क्षेत्र में कार्य कर पीड़ित मानवता की सेवा में योगदान देना चाहिए। डॉ. एमके जैन ने कहा कि शादी के पहले युवक एवं युवती की थैलेसीमिया कुंडली की जांच होना चाहिए। संस्था के चैयरमैन डॉक्टर सचिन गर्ग ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी पॉलीक्लिनिक एवं फिजियोथैरेपी के माध्यम से मरीजों की सेवा हेतु प्रतिबद्ध है एवं समय-समय पर शिविर लगाकर स्वास्थ्य सेवा में अपना योगदान प्रदान करती है। संजय पांडे ने बताया कि रेडक्रॉस विगत लंबे समय से विदिशा में सेवा गतिविधि संचालित कर रही है। चंद्र मोहन अग्रवाल ने एक ग्लूकोमीटर प्रदान किया। शिविर को सफल बनाने में राजेश जैन, डॉ. जी.के. माहेश्वरी, दिनेश बाजपेई, डॉ. पीके मिश्रा, मनमोहन बंसल, आरके कुलश्रेष्ठ, ऋषि जालोरी आदि का विशेष योगदान रहा। प्रारंभ में अतिथियों ने रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी डीयू नॉट के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। आभार सचिव अतुल रतन शी शाह ने व्यक्त किया।




# हर मोड़ पर एक बरगद का पेड़ हो, कलेक्टर ने दिया नारा

## आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के दिए निर्देश



छतरपुर। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने बुधवार को जिले के विभिन्न ग्रामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक कलेक्टर काजोल सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी एम.के. कोटार्य, डीपीसी, तहसीलदार, सीईओ जनपद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर. ने मनकारी, फुलारी ग्रामों का निरीक्षण किया साथ ही उमरया के शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में सुचारू रूप से व्यवस्थाएं नहीं पाई गई। शाला में कोई भी पुरानी किताबें नहीं पायी जानी चाहिए, उन्हें शीघ्र ही बच्चों को वितरित कर पढ़ने का लाभ प्राथमिकता हो। सभी स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाए। साथ ही राजनगर ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केन्द्र डुमरा और कृत्रिम गर्भाधान डुमरा और पंचायत भवन बंद मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। डुमरा आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 में बच्चों की उपस्थिति न मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को उपस्थिति बढ़ाने के स्पष्ट निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निर्देश दिए। अगले सप्ताह की टीएल बैठक में फोटोग्राफ दिखाकर ही समीक्षा की जाएगी।

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने गौरिहार ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल बरहा में शाला प्रांगण में फलदार पेड़ लगाने के निर्देश दिये। स्वच्छता के लिए प्राचार्य को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि उसकी जिम्मेदारी आप स्वयं लें। शाला में आयरन फोलिक एसिड के पैकेट मिलने पर जांच के आदेश दिये और शाला में डिस्प्ले स्क्रीन के बंद होने पर डीईओ और डीपीसी को फटकार लगाई और शौचालय का निरीक्षण करते हुए उन्हें स्वच्छ बनाये रखने के निर्देश दिये गये। स्कूलों में उपस्थिति कम होने पर संबंधित प्राचार्यो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

श्री जी.आर. ने गौरिहार ब्लॉक के ग्राम बरहा गंगा पोखरिया में निरीक्षण करते हुए गहरीकरण एवं पुनः सीमांकन के आदेश देते हुए चंदेलकालीन तालाबों के समान बंडिंग (मेड़बंदी) करवाने को कहा।

ग्राम सिचहरी के बनियां तालाब का निरीक्षण करते हुए तहसीलदार गौरिहार को गहरीकरण एवं पुनः सीमांकन कराने के निर्देश दिए। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गौरिहार में ताला बंद कक्षाओं को खुलवाकर उनकी जांच की। डीईओ और प्राचार्य को फटकार लगाकर शाला के व्यवस्थाओं को ठीक करने के सख्त निर्देश दिए गए और कम्प्यूटर लैब एवं प्रयोगशालाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए निर्देश दिए गए। गौरिहार ब्लाक के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कन्या छात्रावास गौरिहार का निरीक्षण करते हुए प्रत्येक कमरे खुलवाएं गये एवं रसोई घरों और खेल मैदान का भी निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर संदीप जी.आर. ने हर मोड़ एक बरगद पेड़ का नारा देते हुए हर शाला में बरगद के पेड़ लगाने के आदेश दिये। अगले तीन दिवस में सारी पुराने किताबों बच्चों को वितरण करने के निर्देश दिये। शाला में पड़ी साईकिल के वितरण क्यो नहीं हुई इस संबंध में जानकारी ली। जो प्राचार्य काम नहीं कर रहे उन प्राचार्यों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री जी.आर. ने जनपद पंचायत गौरिहार जाकर आमजन की समस्याएं सुनी एवं उनके निराकरण करने के आदेश दिये। पेय जल हेतु पाइप लाइन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पीएचई को दिये साथ ही पीने के पानी की उपलब्धता को प्राथमिकता से पूर्ण करने के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

# प्रायोगिक उपकरणों पर कार्यशाला संपन्न



बैतूल। जेएच कॉलेज में प्राचार्या डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रायोगिक उपकरणों के संचालन एवं रख रखाव पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। इस मौके पर विभागध्यक्ष डॉ.अल्का पांडे ने संधारित सभी उपकरणों की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत चतुर्थ वर्ष में विद्यार्थियों को शोध कार्य करना होगा। डॉ.विजेता चौबे ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थी यदि प्रयोगिक कार्य में रूचि लेंगे तो उनका रूझान शोध क्षेत्रों में होगा। जिससे साईंटिस्ट बन महाविद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। शासन भी निरंतर इस दिशा में प्रयासरत है। इस हेतु बहुत मंहगे और आधुनिक उपकरण की विभाग को उपलब्ध करवा रहा है। जिससे गुणवत्ता से पूर्ण शोध कार्य महाविद्यालय में भी किया जा सके। कार्यशाला के दूसरे सत्र में वनस्पति शास्त्र के प्रो.अर्चना सोनारे, डॉ.अर्चना मिश्रा, प्रो.सुनीता गढ़ेकर, डॉ.महेन्द्र नावंगे, प्रो.दीपिका साहू, डॉ.प्रीतिबाला पाल, माया सूर्यवंशी शोध छात्रा प्रियंका भोपते द्वारा विद्यार्थियों की उपकरणों को संचालित करने की विधि का प्रशिक्षण दिया गया। शासकीय महाविद्यलय पांढुर्णा के अतिथि विद्वान डॉ.श्रेयांश परसाई द्वारा अत्याधिक आधुनिक उपकरण जेल डाक को संचालित करने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अर्चना मिश्रा ने व आभार प्रो.अर्चना सोनारे ने व्यक्त किया।

# घायल मरीजों के बेहतर इलाज से स्वास्थ्य में सुधार

## स्वस्थ्य होकर अपने-अपने घर पहुंचे 06 घायल



**मंडला।** रामनगर में हुई दर्दनाक घटना में घायल हुए लगभग 40 मरीजों का जिला चिकित्सालय में उपचार किया जा रहा है।सभी घायलों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। और बेहतर इलाज के से 6 घायल स्वस्थ होकर अपने-अपने घर पहुंच गए हैं।कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर घायलों के उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने घायलों से चर्चा करते हुए उनकी कुशलता जानी।प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम रामनगर में हुई इस दर्दनाक घटना में घायल मरीजों को जिला चिकित्सालय में भर्ती किया गया है जहां पर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बेहतर उपचार प्रदान किया जा रहा है।घायलों को उनकी आवश्यकता के अनुसार एक्स-रे, सीटी स्केन,ब्लडबैंक,पेथोलॉजी आदि की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।सभी घायलों के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है।बुधवार को 6 घायल मरीजों को जिला चिकित्सालय से डिस्चार्ज किया गया है।वहीं कलेक्टर डॉ सिडाना द्वारा जबलपुर रेफर किए गए घायलों के स्वास्थ्य का भी लगातार फॉलोअप लिया जा रहा है।

# पुलिस की सक्रियता एवं तत्परता से मोटर सायकिल चोर गिरफ्तार

**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा जिले में हो रही मोटर सायकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए आदेशित किया गया था, जो निर्देशानुसार इसी मुहिम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.डी. शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सुश्री पूजा पाण्डेय के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी व उनकी टीम चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी तारतम्य में दिनांक 06.05.2024 को प्रार्थी राजकुमार धुर्वे निवासी रामगढ थाना चौरई जिला छिन्दवाडा हाल स्टेडियम ग्राउंड के बाजू में, महामाया वार्ड सिवनी के द्वारा थाना कोतवाली सिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज एवं मुखबिर से मिली सूचना कि छिंदवाड़ा रोड ब्रिज के पास एक व्यक्ति मो.सा. बेचने की नियत से खडा है जो सूचना पर तत्काल टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर दबिश दी गई उक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर मो.सा. को द्वारका नगर सिवनी से चुराना बताया तथा चोरी की मो.सा. खैरीटेक के आगे नाले के पास झाडियों में छिपाना बताया।

### आरोपी से उक्त मो.सा. जप्त कर किया गया

जप्त संपत्ति- एक मोटरसायकिल क्रमांक-[illegible]047 कीमती 75,000/- रूपये आरोपी- संतोष विश्वकर्मा पिता अन्नूलाल विश्वकर्मा उम्र 27 साल नि. राहीवाडा थावरीकला थाना बंडोल।

**विशेष भूमिका:** निरीक्षक सतीश तिवारी थाना प्रभारी कोतवाली, प्रआर 57 धूपलाल, आरक्षक 28 प्रतीक बघेल आरक्षक विक्रम आरक्षक इरफान की भूमिका सराहनीय रही।

### तेज आवाज वाले जप्त साइलेंसरों को नष्ट किया पुलिस ने



**सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी राकेश सिंह द्वारा तेज आवाज साइलेंसर वाले बुलेट वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु थाना प्रभारी यातायात एवं कोतवाली को निर्देशित किया गया था। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीडी शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सुश्री पूजा पांडे के निर्देशन में थाना कोतवाली एवं यातायात द्वारा विगत कुछ महीनो में तेज आवाज करने वाले बुलेट वाहनों पर कार्यवाही की गई की गई जिसमें थाना यातायात द्वारा 24 बुलेट वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 24 नग साइलेंसर एवं थाना कोतवाली द्वारा 10 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए 10 नग साइलेंसर जप्त किए गए थे। इस प्रकार कुल 34 नग तेज आवाज करने वाले साइलेंसरों को आज दिनाँक 08.05.24 को पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सुश्री पूजा पांडे, थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी एवं थाना प्रभारी यातायात विजय बघेल के समक्ष नष्ट किया गया। यातायात पुलिस की सिवनी के नागरिकों से अपील है कि शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ एवं सुगम बनाने में पुलिस का सहयोग करें। ध्वनि प्रदूषण करने वाले सायलेंसर तथा हार्न का प्रयोग वाहनों में ना करें, ऐसा करने पर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।



Mr. Rajesh Tiwari, Chairman of HRD Forum MP, and former Sr Vice President Vardhman Group of Textiles Ltd along with Mr. Shankar K, Member of HRD, visited the PHDCCI office in Bhopal. It was a meaningful discussion with the HRD team on various matters and joint activities with PHDCCI, focusing on skill development and uplifting small businesses through experienced professionals and industries.

## जीआईटीबी 2024 का जयपुर में हुआ समापन



**जयपुर, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े बी2बी इनबाउंड टूरिज़्म इवेंट 'द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार' (जीआईटीबी) का आज यहां का 13वां संस्करण संपन्न हुआ। इस मंच ने 'वैड इन इंडिया' पहल के तहत भारत को दुनिया के महत्वाकांक्षी वैडिंग डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने पर ज़ोर दिया। मेजबान राज्य राजस्थान में आयोजित भारत के इस प्रमुख पर्यटन कार्यक्रम (टूरिज़्म इवेंट) में 9 राज्यों- उड़ीसा (थीम राज्य), गुजरात, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गोवा और पंजाब के पर्यटन बोर्ड शामिल हुए। 52 देशों से 250 एफटीओ इस मंच पर पहुंचे, और 16 इंटरनेशनल वैडिंग प्लानर्स ने देश के विभिन्न वैडिंग डेस्टिनेशन्स एवं इससे जुड़े अन्य पहलुओं पर जानकारी हासिल की। प्रदर्शनी में 300 से अधिक बूथ लगाए गए थे, बड़ी संख्या में डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स, 60 वैडिंग प्लानर्स इस मंच पर एकजुट हुए। जिन्हें 11000 बी2बी बैठकों, बिज़नेस डील्स तथा पर्यटन मंत्रालय की नई पहल 'कूलकेशन' में हिस्सा लेने का अवसर मिला, इस पहल ने खरीददारों और विक्रेताओं को खूब लुभाया।प्रदर्शनी के तीसरे एवं अंतिम दिन शेफ अजय चोपड़ा की मास्टरक्लास में देशी-विदेशी पाक विशेषज्ञों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम के बाद देशी-विदेशी टूर ऑपरेटरों और वैडिंग प्लानर्स के लिए तीन पर्यटन रूट्स पर एफएएम टर आयोजित किए गए।

## चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड का एफवाय24 राजस्व सालाना आधार पर 92 प्रतिशत बढ़कर रु. 759 करोड़

**मुंबई , एजेंसी।** चॉइस इंटरनेशनल लिमिटेड भारत भर में काम करने वाली अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनियों में से एक, ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने परिणामों की घोषणा की। क्यू4 एफवाय24 के लिए, चॉइस ने क्यू4 एफवाय23 की तुलना में एक मजबूत समेकित वित्तीय प्रदर्शन की सूचना दी। कुल राजस्व 55 प्रतिशत बढ़कर 216.4 करोड़ रुपये, इबीआइटीडीए 46 प्रतिशत बढ़कर 69.4 करोड़ रुपये और पीएटी् 30 प्रतिशत बढ़कर 39.4 करोड़ रुपये हो गया। राजस्व योगदान स्टॉक ब्रोकिंग से 60 प्रतिशत, सलाहकार सेवाओं से 29 प्रतिशत और एनबीएफसी व्यवसाय से 11 प्रतिशत रहा। एफवाय24 बनाम एफवाय23 के लिए पूरे वर्ष के आधार पर, कंपनी का समेकित कुल राजस्व 92 प्रतिशत बढ़कर 759.3 करोड़ रुपये हो गया, इबीआइटीडीए 110 प्रतिशत बढ़कर 227.8 करोड़ रुपये हो गया, और पीएटी 118 प्रतिशत बढ़कर 130.9 करोड़ रुपये हो गया। जो वर्ष-दर-वर्ष 25 प्रतिशत की वृद्धि है। स्टॉक ब्रोकिंग के लिए एयूएम सालाना 31 प्रतिशत बढ़कर 35,000 करोड़ रुपये हो गया, जबकि धन उत्पादों के लिए एयूएम 72 प्रतिशत बढ़कर 625 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी के बीमा ब्रोकिंग वर्टिकल ने जोरदार प्रदर्शन किया, तिमाही के दौरान बीमा प्रीमियम 63 करोड़ रुपये रहा, जो साल-दर-साल 212 प्रतिशत की वृद्धि है। बेची गई पॉलिसियों की संख्या 14,567 थी, जो 109 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर्शाती है।

## पूरे भारत से 200 हेल्थकेयर स्टार्ट-अप विकास के लिए आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी आए



**जयपुर, एजेंसी।** आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स जयपुर, राजस्थान में स्थित आईआईएचएमआर फाउंडेशन की एक प्रमुख इकाई ने हाल में सामर्थ्य 2. एन एक्सक्लूसिव ग्रोथ इनक्यूबेशन प्रोग्राम लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य पोस्ट–एमवीपी के बाद स्टार्ट-अप का समर्थन करने या उनके विकास पथ के साथ राजस्व जुटाने में योगदान करना है।

दूसरे संस्करण में 15 अत्यधिक नवीन स्टार्ट-अप को मान्यता दी गई, जो सामर्थ्य 1 की तुलना में लगभग 114 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। चयनित स्टार्ट-अप को इनक्यूबेशन कार्यक्रम के पूरा होने के बाद प्रदान की जाने वाली 15 लाख तक की वित्तीय सहायता से लाभ होगा। आईआईएचएमआर स्टार्ट-अप्स द्वारा बड़े स्तर पर इनक्यूबेशन समर्थन उपलब्ध करवाया जाता है, जिसमें ध्यान जीतने, स्वास्थ्य सेवा और व्यावसायिक ज्ञान बढ़ाने, क्लाइंट कनेक्ट, फंडिंग और आईआईएचएमआर के सहायक नेटवर्क तक पहुंचने पर मार्गदर्शन शामिल है, जिसे संगठन ने अपने अस्तित्व के 40 वर्षों में हासिल किया है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पी आर सोडानी ने अगली पीढ़ी के स्वास्थ्य सेवा अग्रदूतों को प्रोत्साहित करने में कार्यक्रम के महत्व पर जोर देते हुए कहा, हम सामर्थ्य 2.0 लॉन्च करते हुए इन दूर तक की सोच रखने वाले स्टार्टअप निर्माताओं को सशक्त बनाते हुए रोमांचित हैं।

# आदर्श आचार संहिता के दौरान 143 व्यवसाइयों से 35.06 करोड़ जमा कराए

## कर चोरी में संलग्न व्यवसाइयों के विरूद्ध विभाग का प्रवर्तन अभियान जारी

भोपाल। लोकसभा निर्वाचन कार्य को स्वच्छ और सुचारू तरीके से संचालित करने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को फेक, बोगस इनवाइस जारी करने वाले व्यवसाइयों, मुफ्त में बांटी जाने वाली वस्तुओं के संबंध में अघोषित गोडाउन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही के लिए कार्ययोजना बनाने और कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक की कार्यवाहियों में अंतर्गत आदर्श आचार संहिता के दौरान 143 व्यवसाइयों से राशि 35.06 करोड़ जमा कराए गए। सभी प्रकरणों में कर अपवंचन की राशि और भी ज्यादा हो सकती है।

अभी तक 93 व्यवसाइयों से प्रथम दृष्टया कर अपवंचन के विरुद्ध राशि रु. 20.77 करोड़ जमा कराई गई। विशेष रूप से गारमेंट्स में राशि रु. 2 करोड़, बर्तन, घरेलू सामान में 3.80 करोड़ मोबाईल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण में 6.89 करोड़, पान मसाला, तम्बाकू प्रोडक्ट में 3 करोड़ एवं सोना, चांदी जैसी कीमती धातु और आभूषण आदि में 4.12 करोड़ रु जमा कराए।

इवेजन-प्रीन कमोडिटीस जैसे आयरन एंड स्टील, निर्माण सामग्री, प्लास्टिक, ऑयल एंड ऑयल सीड्स, कंस्ट्रक्शन एवं गैरिल गार्डन आदि से संबंधित कुल 50 व्यवसाइयों से प्रथम दृष्टया कर अपवचन के विरुद्ध राशि 14.29 करोड़ जमा कराए गए। वाणिज्यिक कर आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह के निर्देशन में स्टेट जीएसटी विभाग ने संदिग्ध पंजीयत करदाताओं का निर्धारित पैरामीटर्स के आधार पर चिन्हांकन किया है। अन्य राज्यों से प्राप्त सूचनाओं, क्ख्स्र/ल्रढ्ढह्ल, तस्ज्ञ क्क्तद्वद्द, श्च-2ड्ड4 ड्डद्बद्यद्य क्क्षह्लह्लड्डद्य, क्च्भ-2द्गड्ड आदि पर उपलब्ध डाटा का सेक्टरवार विश्लेषण किया गया।

व्यवसाइयों द्वारा पंजीयन प्राप्त करने के लिए उपयोग किए गए दस्तावेज, पेन नंबर, ई-मेल एड्रेस तथा मोबाईल नंबरों पर दर्ज अन्य नवीन पंजीयनों की डाटा एनालिसिस फील्ड से प्राप्त गोपनीय सूचनाओं के साथ की गई। कर चोरी में लिप्त सेक्टर विशेष के अंतगर्त आने वाली फ्रीबीज़ एवं इवेजन-प्रोन कमोडिटी जैसे गारमेंट्स, कपड़ों, घरेलू सामान, बर्तन, मोबाईल, इलेक्ट्रॉनिक्स, कास्मेटिक्स, पान मसाला आदि से संबंधित व्यवसाइयों के अघोषित गोडाउन एवं अघोषित स्टॉक के माध्यम से किए जाने वाले संभावित कर अपवंचन के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन कार्यवाही लोकसभा चुनाव के संदर्भ में 17 मार्च से अनवरत जारी हैं।




विशेष रूप से गारमेंट्स कपड़ों में राशि 2 करोड़, बर्तन, घरेलू सामान में 3.80 करोड़ के अलावा मोबाईल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण में 6.89 करोड़, पान मसाला, तम्बाकू प्रोडक्ट में 3 करोड़ एवं सोना, चांदी और कीमती धातु के आभूषण आदि में 4.12 करोड़ जमा कराए।

इवेजन-प्रीन कमोडिटीज जैसे आयरन एंड स्टील, निर्माण सामग्री, प्लास्टिक मुद्द्म, ऑयल एंड ऑयल सीड्स, कंस्ट्रक्शन एवं गैरिल गार्डन आदि से संबंधित कुल 50 व्यवसाइयों से प्रथम दृष्टया कर अपवचन के विरुद्ध राशि रु. 14.29 करोड़ जमा कराए गए। इस प्रकार प्रवर्तन कार्यवाहियों के अंतर्गत आदर्श आचार संहिता के दौरान 143 व्यवसाइयों से राशि रु. 35.06 करोड़ जमा कराए गए। सभी प्रकरणों में कर अपवंचन और भी ज्यादा हो सकती है।

वाणिज्यिक कर आयुक्त ने लोकसभा चुनाव में संबंधित जांच कार्यवाहियों के अंतर्गत विशेष रूप से बिना बिल, ई-वे बिल, विल्टी आदि वैध दस्तावेजों के एवं फ्रीबीज संबंधी माल का परिवहन करने वाले वाहनों की विशेष जांच की जा रही है। इसके लिए प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में 28 अस्थायी चेक पोस्ट एवं 12 मोबाईल टीमें बनाई गई। जिनके द्वारा निरंतर बोगस इनवाईसिंग, फेक बिलिंग के विरुद्ध जीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 68 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए, फ्रीबीज़ एवं अन्य वस्तुओं के बिना ई-वे बिल एवं बोगस बिल के आधार पर परिवहन पाए जाने पर 134 वाहनों को डिटेन किया जाकर कर अपवचन के विरुद्ध राजि रु 2.03 करोड़ जमा कराई गई।

इस प्रकार जीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 67 के अंतर्गत की गई प्रवर्तन कार्यवाहियों एवं धारा 68 के अंतर्गत चलित वाहनों की जांच से कर अपवंचन किए जाने की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोकथाम से शासकीय राजस्व की हानि को रोका जा सकेगा एवं निर्वाचन आयोग की मंशानुसार राजस्व सुरक्षा प्रभावी रूप से सुनिश्चित हो सकेगी।

सभी व्यवसाइयों के विरुद्ध जीएसटी अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के अनुसार आईटीसी रिवर्सन, करारोपण ब्याज एवं शास्ति की कार्यवाही की वैधानिक प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## अधिकारी बनी भाजपा उम्मीदवार, मगर 'नोटिस पीरियड' में उलझा है पेच, पार्टी ने बठिंडा से दिया है टिकट



पंजाब सरकार ने आईएएस अधिकारी और बीजेपी उम्मीदवार परमपाल कौर का ङ्कक्रस्-खारिज कर दिया है। परमपाल कौर का इस्तीफा केंद्र द्वारा स्वीकार कर लिया गया था इसके बावजूद बावजूद पंजाब सरकार ने ढ्ढस् अधिकारी परमपाल कौर को अपना ङ्कक्रस् (समयपूर्व सेवानिवृत्ति) रद्द करने और ड्यूटी ज्वाइन करने कहा है। सूत्रों के मुताबिक मुख्य सचिव ने इस्तीफा मुख्यमंत्री भगवंत मान को भेज दिया था जिन्होंने अभी तक परमपाल कौर के इस्तीफे को मंजूरी नहीं दी थी।

पंजाब सरकार ने उनकी ङ्कक्रस् की मांग को खारिज कर दिया है और उन्हें नौकरी पर वापस ज्वाइन करने को कहा है। परमाल कौर को आज ही अपना नामांकन दाखिल करना है। इन सब के बाद परमाल कौर की मुश्किलें बढ़ती नज़र आ रही है। पंजाब सरकार के इस फैसले के बाद अब अटकलों का दौर शुरू हो गया है कि परमाल कौर अपना नामांकन दाखिल करेगी या नहीं।

कौन है परमाल कौर?

पंजाब की आईएएस अधिकारी परमपाल कौर, जो पूर्व मंत्री और शिरोमणि अकाली दल के नेता सिकंदर मलूका की बहू हैं। परमपाल कौर ने समय से पहले ही सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था ताकि वह लोकसभा चुनाव 2024 बठिंडा निर्वाचन क्षेत्र से लड़ सके। परमपाल कौर 2011 बैच के आईएएस अधिकारी है जो सेवा रिकॉर्ड के अनुसार, इस साल अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाली थी। वह पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम के प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात हैं और उन्होंने मंगलवार को पंजाब के मुख्य सचिव को अपना इस्तीफा भेज दिया। परमपाल कौर ने बीजेपी उमीदवार के तौर पर अपना नामांकन भी करवा लिया था। परमपाल कौर ढ्ढस् की नौकरी से ङ्कक्रस् लेने के बाद बीजेपी में शामिल हो गई थीं। इसके बाद पार्टी ने उन्हें बठिंडा सीट से चुनावी मैदान में उतारा था।

परमपाल कौर की ङ्कक्रस् की मांग खारिज होने के कारण

पंजाब सरकार ने अपने नोटिस में ङ्कक्रस् की मांग खारिज करने का कारण स्पष्ट किया है और बताया है कि परमाल कौर ने इस्तीफे के साथ-साथ तीन महीने की नोटिस अवधि को भी माफ करने की मांग की थी। साथ ही पंजाब सरकार ने यह भी कहा कि नोटिस अवधि माफ करना केंद्र सरकार के नहीं बल्कि राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसी को ध्यान में रखते हुए परमाल कौर का ङ्कक्रस्-खारिज कर दिया गया।

## कोविशील्ड विवाद के बीच सीरम इंस्टीट्यूट का दावा, 2021 से बंद कर दिया गया वैक्सीन का निर्माण

पुणे स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने 2021 में अपनी कोविड-19 रोधी वैक्सीन कोविशील्ड का निर्माण बंद कर दिया, कंपनी द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, ब्रिटिश-स्वीडिश दवा निर्माता एस्ट्राजेनेका ने घोषणा की कि वह अपनी कोविड-19 वैक्सीन, वैक्सजेवरिया को वापस ले रही है।

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड ब्रांड नाम के तहत स्थानीय रूप से ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन का निर्माण किया।÷भारत में 2021 और 2022 में उच्च टीकाकरण दर प्राप्त करने के साथ-साथ नए उत्परिवर्ती प्रकार के उपभेदों के उद्भव के साथ, पिछले टीकों की मांग काफी कम हो गई है। नतीजतन, दिसंबर 2021 से, हमने कोविशील्ड की अतिरिक्त खुराक का निर्माण और आपूर्ति बंद कर दी हैं।

राष्ट्रव्यापी कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम के तहत भारत में बड़े पैमाने पर उपयोग किए जाने वाले दो कोविड-19 टीकों- कोवैक्सिन और कोविशील्ड- में से, एसआईआई के कोविशील्ड को जनवरी 2021 से अब तक प्रशासित कम से कम 170 करोड़ खुराक के साथ सबसे अधिक प्रशासित किया गया था। कोविशील्ड वैक्सीन है एक पुनः संयोजक चिंपैंजी एडेनोवायरस वेक्टर वैक्सीन।

भारत के औषधि नियामक ने 3 जनवरी, 2021 को देश में आपातकालीन स्थिति में प्रतिबंधित उपयोग के लिए कोविशील्ड और कोवैक्सिन दोनों को मंजूरी दे दी। भारत का राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम, जो दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण कार्यक्रम है, 16 जनवरी, 2021 को शुरू हुआ, शुरुआत में इस उद्देश्य के साथ देश की वयस्क आबादी को कवर करने के लिए। एसआईआई के बयान में कहा कि ÷हम मौजूदा चिंताओं को पूरी तरह से समझते हैं और पारदर्शिता और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देना महत्वपूर्ण है। शुरुआत से ही, हमने 2021 में पैकेजिंग इंसर्ट में थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ थ्रोम्बोसिस सहित सभी दुर्लभ से बहुत दुर्लभ दुष्प्रभावों का खुलासा किया है। वैश्विक महामारी के दौरान आने वाली चुनौतियों के बावजूद, वैक्सीन की सुरक्षा सर्वोपरि बनी हुई है।




कहा चाहे वह एस्ट्राजेनेका की वैक्सज़र्वरिया हो या हमारी अपनी कोविशील्ड, दोनों टीके दुनिया भर में लाखों लोगों की जान बचाने में सहायक रहे हैं। हम महामारी के प्रति एकीकृत वैश्विक प्रतिक्रिया को सुविधाजनक बनाने में सरकारों और मंत्रालयों के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करते हैं,गया है।

एस्ट्राजेनेका के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ÷वैश्विक महामारी को समाप्त करने में वैक्सजेवरिया द्वारा निभाई गई भूमिका पर हमें अविश्वसनीय रूप से गर्व है। स्वतंत्र अनुमान के अनुसार, अकेले उपयोग के पहले वर्ष में 6.5 मिलियन से अधिक लोगों की जान बचाई गई और विश्व स्तर पर तीन बिलियन से अधिक खुराक की आपूर्ति की गई। हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों द्वारा मान्यता दी गई है और व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।

## बीई/बीटेक प्रोग्राम्स में एकेडमिक एक्सीलेंस दे रहा थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 55 प्रतिशत) होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3,000 से अधिक सीटों उपलब्ध है। छह दशक से अधिक समय से रिसर्च एक्सीलेंस की विरासत के साथ और भारत में प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) में 20वें स्थान पर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ, टीआईईटी इंजीनियरिंग के उन छात्रों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा जगह है जो एकेडमिक एक्सीलेंस की तलाश में है।

टीआईईटी एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए पूरी तरह से समर्पित है, योग्य छात्रों को मेरिट और आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के माध्यम से पर्याप्त समर्थन प्रदान करता है। पिछले साल, यह समर्थन राशि 32 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिसने उच्च शिक्षा के अपने सपनों का पूरा करने वाले छात्रों को और सशक्त बनाया। इसके अलावा, इंटरनेशनल इंजीनियरिंग प्रोग्राम (आईईपी) छात्रों को दुनिया भर में प्रसिद्ध पार्टनर यूनिवर्सिटी जैसे ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन, यूनिवर्सिटी ऑफ मेंसलैंड, वर्जीनिया टेक, तल अवीव यूनिवर्सिटी और न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में आसानी से स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान करता है।

थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. पद्मकुमार नायर इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हैं और हमारे चारों ओर लगातार बदलते और डायनामिक वर्ल्ड को अपनाने की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं। वह छात्रों को यह समझने के लिए प्रोत्साहित करते हैं कि शिक्षा खुद को जानने, बौद्धिक विनम्रता प्राप्त करने और आखिर में एकेडमिक एक्सीलेंस की यात्रा में शामिल होना ही जीवन जीने की तैयारी है।

इंजीनियरिंग में अपने फ्लैगशिप प्रोग्राम्स के अलावा, टीआईईटी विभिन्न प्रकार के एकेडमिक प्रोग्राम देता है, जिनमें थापर स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज में स्नातक कार्यक्रम बीबीए/बीए/बीएससी/बीकॉम, स्नातकोत्तर कार्यक्रम एमई/एमटेक, एमएससी, एमए, एमबीए और डॉक्टरेट कार्यक्रम शामिल हैं, जैसे इंजीनियरिंग, एलाइड साइंस और मैनेजमेंट में पीएचडी। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए, टीआईईटी ने एक इनफार्मेशन सेण्टर स्थापित किया है। इसका उद्देश्य प्रवेश प्रक्रिया के दौरान माता-पिता और छात्रों से जुड़कर स्पष्टीकरण देने में सहायता प्रदान करना और आवश्यक जानकारी देना है। थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (टीआईईटी) में अलग अलग स्पेशलाइजेशन और प्रवेश से जुडी जानकारी के लिए अनुभवी फैकल्टी द्वारा वेबिनारों की एक श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसे इच्छुक छात्र होलिस्टिक लर्निंग इकोसिस्टम तक पहुंचने के लिए देख सकते हैं।

## आईआईटी मद्रास के इतिहास में सर्वाधिक 513 करोड़ रु. जुटाने का रिकार्ड




चेन्नई, एजेंसी। अभूतपूर्व प्रौद्योगिकी अनुसंधान के लिए संस्थान के इतिहास में सर्वाधिक 513 करोड रुपये की धनराशि जुटाई, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की धनराशि 218 करोड़ रुपये से 135 प्रतिशत अधिक है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने वित्त वर्ष 2023-24 में अपने पूर्व छात्रों, उद्योग संगठनों और अन्य डोनरों से 513 करोड़ रुपये की सर्वाधिक धनराशि जुटा कर इतिहास रच दिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में संस्थान के पूर्व छात्रों और कॉर्पोरेट भागीदारों ने कुल मिला कर 717 करोड़ रु. प्रदान करने की नई प्रतिबद्धताएं कीं। संस्थान को प्राप्त इस धनराशि का उपयोग प्रौद्योगिकी अनुसंधान और विकास के साथ-साथ आईआईटी मद्रास में पहले से विकसित प्रौद्योगिकियां का देश के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक हित के कार्यों में उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा इस राशि का उपयोग सुयोग्य छात्रों को छात्रवृत्ति देने के साथ-साथ संस्थान की बढ़ती बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में भी किया जाएगा। इस वर्ष जनहित कार्यों के लिए जुटाई गई इस धनराशि से इसी वर्ष शुरू एक अभूतपूर्व स्पोर्ट्स एक्सीलेंस एडमिशन प्रोग्राम में आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है। संस्थान ने लगातार दूसरे वर्ष किसी शैक्षणिक संस्थान द्वारा एक वित्त वर्ष में सबसे अधिक धनराशि जुटाने का नया रिकॉर्ड बनाया है। यह धनराशि अभूतपूर्व प्रौद्योगिकी अनुसंधान, छात्रों के प्रोजेक्ट के साथ-साथ परिसर में अत्याधुनिक बुनियादी सुविधा देने के लिए जुटाई गई है। संस्थान के इतिहास में जुटाई गई सर्वाधिक 513 करोड़ रु. की यह धनराशि पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में जुटाई गई धनराशि 218 करोड़ रुपये से 135 प्रतिशत अधिक है। संस्थान को 1 करोड़ रु. से अधिक दान देने वाले डोनरों की संख्या 48 (16 पूर्व छात्र और 32 कॉर्पोरेट भागीदार) दर्ज की गई। भारतीय और बहुराष्ट्रीय कॉर्पोरेट फर्मों से सीएसआर फंड और अनुदान के अलावा आईआईटी मद्रास के पूर्व छात्रों और जनहित कार्यों में योगदान देने वालों से व्यक्तिगत रूप से धनराशि जुटाई गई। पूर्व छात्रों, कॉर्पोरेट फर्मों और जनहित कार्यों में उदार आर्थिक योगदान देने वालों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि ने कहा, ''शैक्षणिक विकास के शिखर को छूने के लिए फंडिंग में भी तीव्र वृद्धि करने की आवश्यकता है।

## 22 मई को चन्द्रभानसिंह का जन्मदिन



**छिंदवाड़ा।** पूर्व मंत्री चौधरी चन्द्रभानसिंह का 22 मई को जन्मदिन मनाया जावेगा जिसमें अतिथि पंडित रमेश दुबे, दौलत सिंह ठाकुर, कन्हईराम रघुवंशी, रमेश पोफली, एवं नरेश परमार होगे। कार्यक्रम चौधरी चन्द्रभान सिंह के लॉन वृन्दावन में शाम 6 बजे से मनाया जावेगा। कार्यक्रम में पूरे जिले के कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

## 724 वी श्री नंदा जी सेन महाराज की जयंती मनाया

**परासिया।** सेन जयंती के उपलक्ष में दिन मंगलवार को संत शिरोमणि सेन महाराज जी की 724 वी की जयंती प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी सेन मंदिर के प्रांगण खमरा जेठू में मनाया गया जिसमे परासिया के सभी सामाजिक बंधुओ द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ सेन जयंती का भाव आयोजन किया गया जिसमें श्री सेन जी भगवान का अभिषेक पूजन एवं संगीत में सुंदरकांड हरि कीर्तन आरती का भाव आयोजन रखा गया सभी सेन सामाजिक बंधुओ ने भंडारा का लुफ्त लिया

## पिता और पुत्रो के बीच हुआ विवाद, पुलिस ने बनाया काउंटर मामला

**अमरवाड़ा।** ग्राम हिरी जागीर के रहने वाले सतीश के साथ कपिल एवं कपि राज निवासी खामी वालों ने मां बहन की गंदी-गंदी गाली देकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया वही कपिल को सतीश एवं संदीप के द्वारा भी मां बहन की गंदी गाली देकर मारपीट की और जान से मार देने की धमकी दी दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर धारा 294 323 324 506 एवं 34 में काउंटर प्रकरणपंजीबद्ध कर सहायक उप निरीक्षक करतार सिंह बघेल ने विवेचना में लिया।

## नवयुवती की हुई लापता

**अमरवाड़ा।** ग्राम धसनवाड़ा की रहने वाली 18 वर्षीय नवयुवती मंगलवार की सुबह 8-00 बजे घर से बना बताएं कहीं चली गई दिनभर तलाश करने के बाद नहीं मिलने पर उसके लापता होने की शिकायत थाने में करने पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर प्रकरण पता साजी में लिया।

## पीजी कॉलेज के अनिल दुबे राज्यपाल कार्यालय में पदस्थ

**छिंदवाड़ा।** पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के अग्रणी प्रकोष्ठ में कार्यरत श्री अनिल दुबे को मणिपुर राज्य के राज्यपाल कार्यालय में पदस्थ होने पर शास पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा स्टॉफ द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई । श्री दुबे के 14 वर्ष की महाविद्यालयीन सेवा के बारे मे बोलते हुए प्राचार्य डॉ लक्ष्मीचंद ने कहा कि श्री दुबे अग्रणी प्रकोष्ठ की रीढ़ की तरह रहे जिन्होंने हर कार्य को प्राथमिकता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ संपादित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ राजेंद्र मिश्रा, डॉ सुशील पटवा, डॉ अनिल जैन, संभागीय नोडल अधिकारी करियर मार्गदर्शन डॉ पी एन सनेसर सहित श्री रवि दुबे , तुलसीराम नागवंशी ने भी श्री दुबे के कार्यशैली और मिलनसार स्वभाव की प्रशंसा करते हुए उन्हें आगामी कार्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की । इस अवसर पर बोलते हुए अनिल दुबे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए ।

## रोटरी क्लब ऑफ प्राइड ने मनाया मदर्स डे



**छिंदवाड़ा।** रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा प्राइड द्वारा मदर्स डे ( मातृत्व दिवस )दिनांक 7 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार को सत्कार इंटरनेशनल में मनाया गया जिसके अंतर्गत हर्षा मक्कड़ पूजा मक्कड़ द्वारा डांस अनीता बत्रा द्वारा मदर डे पर स्पीच स्वाति जैन द्वारा गीत को प्रस्तुति देकर मनाया गया और सभी को पुरुस्कित भी किया गया । रोटरी क्लब प्राइड द्वारा गेम्स हाउसी के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया इसमें उपस्थित रही अध्यक्ष रोटेरियन श्रीमती नीलम डोड़नी, सचिव रोटेरियन श्रीमती अंजलि नायक, रोटेरियन श्रीमती निधि अग्रवाल रोटेरियन स्वाति जैन रोटेरियन रीत डोडानी रोटेरियन जया गोखलानी रोटेरियन अनीता बत्रा रोटेरियन श्वेता जैन रोटेरियन पूजा मक्कड़ रोटेरियन हर्षा मक्कड़, रोटेरियन मीना मिगलानी स्वाति जैन वैशाली लवाले नैनी अग्रवाल उपस्थिति रही सभी ने मिलकर मदर%स डे कार्यक्रम आयोजित किया।

## बाल विवाह होने पर सभी संबंधितों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण किए जायेंगे दर्ज

### बाल विवाह की सूचना निकटतम थाने अथवा ग्राम कीआंगनवाड़ी कार्यकर्ता को अवश्य दें

छिन्दवाड़ा। बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं कुछ विशेष तिथियों में प्राय- बड़ी संख्या में वयस्क-अवयस्क जोड़ों के विवाह हो जाते हैं । ऐसे विवाह या तो पारिवारिक आयोजनों में अथवा जातीय संगठनों में किये जाने वाले समारोह में होते हैं । अक्षय तृतीया और अन्य अवसरों पर होने वाले विवाहों के आयोजनों में बाल विवाह की रोकथाम के लिये कलेक्टर श्री शीलेन-?द्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाल विवाह रोकथाम समिति की बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई, जिसमें विवाह आयोजन में विभिन्न तरह की सेवाएं देने वाले छिंदवाड़ा शहर के विभिन्न सर्विस प्रोवाइडर्स को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था । इन सर्विस प्रोवाइडर्स में मौलवी, पुजारी, पादरी, टेंट हाउस, प्रिंटिंग प्रेस के संचालक आदि सभी शामिल थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री तनुश्री मीणा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास डॉ.मोनिका बिसेन, जिले के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी और जिला स्तरीय बाल विवाह रोकथाम समिति के सभी शासकीय और अशासकीय सदस्य उपस्थित थे।बाल विवाह के प्रकरणों में केवल समझाईश देना ही काफी नहीं है, बाल विवाह आयोजन में शामिल सभी संबंधितों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाएं।

नगर निगम की दुकानें...

# तलघर सीलिंग की कार्यवाही जारी 14 दुकानें सील

### अनुमति के विपरित उपयोग पर निगम कर रहा कार्यवाही... परासिया रोड एवं राज टॉकीज की दुकानों पर हुई कार्यवाही



**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा अन्तर्गत शहर के व्यवसायिक भवनों में बेसमेंट पर पार्किंग की अनुमति प्राप्त करने के बाद भवन स्वामियों द्वारा दुकान का संचालन किया जा रहा था। जिला कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर कार्यपालन यंत्री श्री ईश्वर सिंह चंदेली द्वारा शहर की दुकानों को भवन अनुज्ञा के विपरित उपयोग करने एवं भवन के बेसमेंट में पार्किंग के स्थान पर दुकानों का संचालन किए जाने पर नोटिस जारी किए गए थे, इन भवन स्वामियों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान किए जाने के बाद भी भवन स्वामियों द्वारा नोटिस का समाधान कारक उत्तर प्रस्तुत नही किया गया। इसके साथ ही बेसमेंट को पार्किंग के लिए उपयुक्त न बनाते हुए दुकान का संचालन जारी रखा। जिला कलेक्टर एवं निगमायुक्त के निर्देश पर जारी इस कार्यवाही में विगत दिनों 39 दुकानों सील किया गया था निगम अमले द्वारा कार्यवाही जारी रखते हुए बुधवार को यातयात चौक, बैल बाजार, कमानिया गेट एवं दुर्गा चौक क्षेत्र में तलघर में दुकानों के संचालन पर 14 दुकानों सील कर दिया। निगम अमले द्वारा यह कार्यवाही निगम के अन्य क्षेत्रों में किए जाने के निर्देश निगम अमले को दिए गए है। निगम अमले द्वारा शेष बचे भवन स्वामियों पर प्रतिदिन नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

# वन विभाग के अमले ने जब्त की सागौन

### बिना अनुमति के अवैध रूप से काटी थी



**छिंदवाड़ा।** चर्च कंपाउंड स्थित बायज हास्टल में वन विभाग के अमले ने बुधवार दोपहर को दबिश दी। विभाग को सूचना मिली थी कि यहां बिना अनुमति अवैध रूप से काटी गई सागौन की लकड़ियां रखी गई हैं। वन विभाग को जांच के दौरान सागौन की लकड़िया भी मिलीं। वन विभाग के रेंजर पंकज शर्मा की अगुवाई में वन विभाग की टीम ने सागौन जब्त कर प्रकरण नगर निगम के अधिकारियों को सौंप दिया। रेंजर पंकज शर्मा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सागौन के दो पेड़ सुभाष कॉलोनी स्थित एक प्लाट से काटे गए हैं। उक्त स्थान पर जाकर इसमें कुल 8 नग हैं जिनमें 5 लट्ठे हैं और तीन डेंगरी हैं। जब्त की गई लकड़ी की कीमत लगभग 10 हजार रुपए हो सकती है। हिमानी सिंह जिनके प्लाट से लकड़ी काटी गई है उनका नाम हिमानी सिंह है। इस कार्रवाई के दौरान वे भी मौजूद रहीं उन्होने बताया कि उन्होने सभी आवश्यक परमिशन और कार्रवाई के बाद ही पेड़ कटवाए हैं। उन्होने बताया कि पेड़ काटने वाले कर्मचारी भी निगम से ही आए थे। जो भी कार्रवाई हो रही है इसके संबंध में उनके पास जो भी दस्तावेज थे वे उन्होने वन विभाग की टीम को दे दिए हैं। देखा गया तो पेड़ों के ठूंठ वहां मौजूद थे लेकिन लकड़ी नहीं मिली। बुधवार को उन्हें फिर सूचना मिली कि काटे गए पेड़ों की लकड़ियां चर्चा कंपाउंड में मिशन चर्च बॉयज हास्टल में रखी गई हैं। यहां आकर देखा गया तो लकड़ियां मिलीं हैं। वन विभाग ने पांच नग लट्ठे सागौन के और तीन नग डेंगरी के जब्त किए गए हैं। रेंजर पंकज शर्मा ने बताया कि चूंकि यह निगम क्षेत्र है इसलिए वन विभाग ने लकड़ी जब्त कर ली है और प्रकरण निगम को सौंप दिया है। अब आगे की कार्रवाई निगम करेगा। इतनी जब्त की लकड़ी वन विभाग ने जो लकड़ी जब्त की है वह कुल 0.254 घन मीटर है।

## चोरी गई मोटर सायकल की बरामद



**अमरवाड़ा।** ग्राम सालीवाडा मंदिर के पास से एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसायकल टी वी एस रॉयडर MP 28 Z G 6066 को चोरी कर ले गया था, जिसपर फ़रियादी सोनू पिता कोपरलाल वर्मा 38 साल निवासी सालीवाड़ा की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 ipc के तहत मामला दर्ज किया गया था, उक्त मामले में संदेह के आधार पर आरोपी मूरत पिता मन्नलाल धुर्वे उम्र 31 साल निवासी सालीवाड़ा को ग्राम मोहरली थाना देहात छिन्दवाड़ा की हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तथा आरोपी के कब्ज़े से उक्त मोटरसायकल बरामद कर जप्त की गई व आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया चोरी गई बाइक एवं आरोपी को । नगर निरीक्षक- राजेन्द्र धुर्वे के मार्गदर्शन में उप निरी राघवेंद्र उपाध्याय, सउनि द्वारका प्रसाद पाल की मुख्य भूमिका रही।

## एनसीसी कैडेट् ने किया युद्धाभ्यास का सजीव प्रदर्शन

### युद्ध अभ्यास में एनसीसी कैडेट्स ने किया दुश्मनों को कुछ ही मिनटों में ढेर



**छिंदवाड़ा।** कन्या परिसर में 24 एमपी बटालियन एनसीसी के तत्वाधान में 498 कैडेट्स का 10 दिवसीय एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर अयोजित किया जा रहा है जिसमें कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमेन के मार्गदर्शन एवम एडम आधिकारी कर्नल के पी विजय कुमार की प्रशासनिक देखरेख में विभिन्न रोमांचक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है जिससे वास्तव में विभिन्न जिलों से आए केडेट्स लाभान्वित हो रहे हैं, आज कमान अधिकारी द्वारा क्वार्टर गार्ड के निरीक्षण के पश्चात एनसीसी कैडेट्स द्वारा प्रदर्शित किए जा रहे युद्ध अभ्यास का निरीक्षण किया गया इस दौरान 10 कैडेट्स के माध्यम से युद्ध क्षेत्र के विभिन्न सेक्शन फॉर्मेशन का सजीव प्रदर्शन किया गया जिसे देखकर सभी एनसीसी कैडेट्स रोमांचित हुए, गोला और बारूद की प्रतिध्वनि से अभ्यास क्षेत्र धूल के गुबार से भर गया जिसे देखकर एक पल यह एहसास हो रहा था कि यहां वास्तव में युद्ध किया जा रहा है ,यह छद्म युद्धाभ्यास की कार्रवाई पी आई स्टाफ और एनसीसी अधिकारियों के नियंत्रण तथा उपस्थिति में करवाई जाती है जिससे किसी को भी क्षति न पहुंचे । इसके अतरिक्त प्रतिदिन एनसीसी कैडेट्स फायरिंग रेंज में पॉइंट 22 राइफल , इंसास राइफल जैसे हथियारों से निशानेबाजी का निरंतर अभ्यास कर रहे हैं । इस 10 दिवसीय शिविर में विभिन्न जिलों से आए 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स को वस्तुत सैन्य जीवनशैली से अवगत कराया जाता है जिससे उनके भीतर साहस आत्मविश्वास एवं रोमांच जैसे विभिन्न गुणों का नैसर्गिक विकास होता है ,जो भविष्य में आर्मी, नेवी, एयरफोर्स सहित राष्ट्र एवं राज्य स्तरीय किसी भी किस्म की सेवा में बहुत काम आता है।

ग्राम सावरवानी में बही ज्ञान की गंगा...

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बहनों ने किया सत्संग, गाए भजन



छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए जा रहे पर्यटन ग्राम सावरवानी में भक्ति की गंगा बह उठी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय पचमढ़ी मटकुली सेवा केंद्र द्वारा पर्यटन ग्राम सावरवानी में सहज राजयोग एवं आध्यात्मिक सत्संग किया। आदर्श गोकुल ग्राम, स्वच्छ, स्वस्थ, समृद्ध और विकसित ग्राम बनाने के लिए बहुत दिव्य भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सुमधुर गीतों और प्रवचन द्वारा जीवन जीने की सुंदरतम कला पर प्रेरणादाई उद्बोधन हुआ। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में पचमढ़ी से पधारी ब्रह्माकुमारी संध्या बहन नंदा जी एवं बीके नमन,किशोर चौरसिया ने बहुत उचित तरह से अपनी बात रखी और ग्राम व व्यक्तिगत जीवन को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पूर्णिमा जी एवं ग्राम विकास के कर्मठ कार्यकर्ता कमलेश उपस्थित रहे। संपूर्ण ग्राम वासियों ने एकत्र होकर कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठाया। सभी को ईश्वरीय सौगात एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में नरेश नागवंशी, कमल प्रसाद अमरवंशी, मनोज भोरवंशी,सुरेश यदुवंशी, संगीता , नेहा ,वैशाली ,पायल धनमान शाह, सीताराम परतेती, मोहन यदुवंशी का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। बता दें कि मध्य प्रदेश टूरिज्म द्वारा पर्यटकों को ग्रामीण जीवन से जोड़ने के लिए सावरवानी को पर्यटन ग्राम के रूप में विकसित किया और यहाँ दस होम स्टे बनवाएं हैं, जहाँ देश-विदेश के लोग आ रहें हैं।

## नेशनल लोक अदालत 11 मई को

### जिले में 34 खंडपीठों का किया गया गठन

छिन्दवाड़ा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में 11 मई 2024 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी छिंदवाड़ा श्री विजय कुमार खोब्रागड़े ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के लिये जिले में 34 खंडपीठ का गठन किया गया है।

जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री प्रेमपालसिंह ठाकुर ने बताया कि जिला न्यायालय, परिवार न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई एवं तामिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा तथा नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण एवं धारा 138 एन.आई. एक्ट ( चैक बाउंस ), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, विद्युत, जलकर, बी.एस.एन.एल. विभाग के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

# सड़क के डामलीकरण में बड़ा खेल

### निष्पक्ष हुई जांच तो कई नपेंगे, कुछेक जाएंगे जेल
### अभी पूरी तरह बनी भी नहीं उखाड़ने की हो रही तैयारी



जुन्नारदेव। जुन्नारदेव नगर पालिका की गजब की इंजीनियरिंग, आर्किटेक्ट का शानदार उदाहरण नगर की सीसी सड़क पर डामलीकरण करने की प्लानिंग का है जिससे आम जनता को *फर्जी निर्माण से राहत मिले ना मिले परिषद में बैठकर लालफीताशाही करने वालों को मोटी-मलाई अवश्य ही मिल रही है, तभी इस काले डामल के रनिंग बिल खटाखट निकाले जा रहे हैं।वहीं इस फर्जी डामलीकरण की निष्पक्ष स्वतंत्र एजेंसी से जांच करा ली जाए तो *इस कार्य की गुणवत्ता के जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी समेत बिल पास करने में परिषद के जिम्मेदार कर्णधारों पर बड़ी गाज गिरेगी जिसमे कुछ तो सड़क का सही माप ना करने के एवज में नपेंगे और कुछेक जेल की सलाखों के पीछे नजर आएंगे। वहीं विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार अपने इस काले कारनामे को जांच से पूर्व ही उखाड़ने की तैयारी पाइपलाइन डालने की प्लानिंग के साथ शुरू कर दी गई है। पाइपलाइन भ्रष्टाचारियों के लिए अमृत ना बन जाए इससे पहले इसकी जांच आवश्यक है।

**इनका कहना**

मुख्यनगरपालिका अधिकारी और इंजिनियर को इस और ध्यान देना चाहिए, डामलीकरन कार्य में की जा रही लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, उच्च स्तरीय शिकायत कर जांच की मांग की जाएगी।

**दर्शन मिगलानी**
जिला मंत्री, जिला-भाजपा छिंदवाड़ा

## किसान संतुलित उर्वरकों का उपयोग करें:डॉ.पराडकर

### किसानों से आवश्यकतानुसार उर्वरकों का अग्रिम उठाव करने की अपील

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में सभी उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण मार्कफेड के सभी डबल लॉक गोदामों व सभी 146 सहकारी समितियों तथा निजी क्षेत्रों में कराया गया है। जिले में 6203.5 मेट्रिक टन यूरिया, 13173 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट, 7798 मेट्रिक टन डीएपी, 7298 मेट्रिक टन एनपीके, 4191 मेट्रिक टन म्यूरेट ऑफ पोटाश उपलब्ध है। खरीफ सीजन नजदीक है और सीजन में असुविधा से बचने के लिये कलेक्टर श्री सिंह द्वारा लगातार समीक्षा कर सहकारी समितियों से अग्रिम उठाव के लिये महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाडा को निर्देशित किया गया है। साथ ही बैठक लेकर कृषि विभाग के मैदानी अमले को भी किसानों को प्रोत्साहित कर उर्वरकों के अग्रिम उठाव कराने के लिये निर्देश दिये गये हैं। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि खरीफ सीजन 2024 की तैयारियों की बैठक में उद्यानिकी महाविद्यालय के डीन एवं सह संचालक ऑचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव डॉ.विजय पराडकर द्वारा किसानों से अपील की गई है कि किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड की अनुशंसा के अनुसार ही संतुलित उर्वरकों का उपयोग करें। विशेष रूप से मक्का फसल में प्रति एकड़ 2 से 3 बोरी यूरिया का ही उपयोग करें। एनपीके उर्वरक जिसमें नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीनों तत्वों की उपलब्धता है, उसका उपयोग किया जाये। कलेक्टर श्री सिंह एवं उप संचालक कृषि श्री सिंह द्वारा किसानों से अपील की गई है कि आवश्यकतानुसार तत्काल उर्वरकों का अग्रिम उठाव अपने क्षेत्र की सहकारी समितियों एवं मार्कफेड के डबल लॉक केन्द्रों ( गोदाम ) से करें एवं सीजन मे होने वाली असुविधा से बचें।

# गुरुकुल में देश के 24 राज्यों एवं विदेश के पढ़ रहे विद्यार्थी

### जिला कलेक्टर ने गुरुकुल के विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**छिंदवाड़ा।** उच्च शिक्षा एवं उत्तम संस्कार के लिए ख्यातिप्राप्त श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित सन्त श्री आशारामजी गुरुकुल के 13 विद्यार्थियों को जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभा परिसर में सम्मानित किया । यह सम्मान विद्यार्थियों को पी.एस.वाय. प्रतिभा सम्मान योजना 2023 - 24 के अंतर्गत प्रदान किया । सभी विद्यार्थियों को पदक , प्रशस्ति पत्र , एवं सम्मान निधि वितरण की । इस योजना में जिले के 600 विद्यार्थियों का चयन हुआ था । जिसमें 24 विद्यार्थी मेरिट लिस्ट तक पहुचे उसमें से 13 गुरुकुल के विद्यार्थी हैं। प्रतिभा सम्मान योजना भारत सरकार के नीति आयोग का हिस्सा है। जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह , जिला शिक्षा अधिकारी . एस. बधेल , कार्यपालन अधिकारी पी.एस.वाय. सुश्री शुभ्रा शुक्ला ने गुरुकुल के विद्यार्थियों की जमकर प्रशंसा की । इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि इस गुरुकुल में देश के 24 राज्य और विदेशों के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। आध्यात्मिक शिक्षा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय के कारण विद्यार्थियों की योग्यता में निखार आता हैं । अध्ययनरत विद्यार्थियों ने अनेकों बार कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के साथ साथ अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी परचम लहराकर जिले को गौरान्वित किया है। समय-समय पर अनेकों बार जिला कलेक्टर एवं अन्य उच्च अधिकारी विद्यार्थियों को सम्मानित कर चुके हैं । इसी वजह से यहाँ प्रतिवर्ष प्रवेश की भीड़ लगी रहती है। सम्मान पाने वाले विद्यार्थियों में अर्पित त्यागी, अभिनव व्यवहार, ऋषि विनोद, कृष्ण चुगलानी, खुशी सावनेरे, मुस्कान पाटिल, हर्ष पेठे , दीपाली साहू, अनघ तिवारी, जानव्ही माकेलकर, गोविंद डिगरसे , नारायण शेंदगे प्रमुख हैं। प्राचार्य के साथ टीचर स्टॉफ़ को भी कलेक्टर ने सम्मानित किया । गुरुकुल प्रशासन की ओर से साध्वी नीलू बहन ,समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , प्राचार्य प्रिया सिंह , प्रबंधक सुशील सिंह परिहार, छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार ने सभी विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान कीया ।

# मानवता को जीवित रखने हेतु संवेदनशीलता बनें: बघेल

### जेआरसी ने मनाया विश्व रेडक्रॉस दिवस



छिंदवाड़ा। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर शीलेन्द्र सिंह जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रास सोसाइटी छिंदवाड़ा के निर्देशन, गोपाल सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी एवं अध्यक्ष जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी ,एवम विनोद तिवारी जिला नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन शासकीय पी एम श्री कन्या उमावि चाँद में श्री रामकुमार बघेल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी चौरई की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिला संगठक श्री राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि संकुल केंद्र चाँद के शासकीय/अशासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी के जे आर सी के काउंसलर व कैडेट्स के द्वारा अतिथि गण श्री रामकुमार बघेल बी ई ओ , श्री एच आर चौधरी संकुल प्राचार्य, श्री यू के बंजारे प्राचार्य ,श्री पी एस ठकरिया प्रभारी प्राचार्य को स्कोर्फ़ बोगेल लगाकर सम्मानित किया गया । अतिथियों ने रेडक्रॉस के जनक सर हेनरी ड्यूनोट के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । काउंसलर श्री किसनलाल वर्मा के द्वारा प्रार्थना का गायन किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले काउंसलर को सम्मानित किया गया। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी एस बघेल के संदेश को सुनाया गया जिसमें उन्होंने मानवता के लिए संवेदनशील बनने को प्रथम सोपान बताया। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने सर हेनरी ड्यूनोट के मानव हित मे किये गए कार्यो को याद किया और वर्तमान परिपेक्ष्य में उसकी उपयोगिता के लिए युवाओं को प्रेरित किया कि वे मानवता को जीवित रखने हेतु दूसरों की मदद करना सीखें। इस अवसर पर श्री अनिल रघुवंशी, श्री बलराम बरकोरिया श्री अरविंद कुमार पाटिल, श्री पंकज विश्वकर्मा श्री डीलसिंग मंगरोले, श्री चंद्रशेखर अयोधि सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे श्री राजकुमार रघुवंशी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया । राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राकेश कुमार मालवीय जिला संगठक जूनियर रेडक्रॉस द्वारा किया गया।

# डॉ महेश कुमार चांडक को मिली विशेष उपलब्धि



**भोपाल।** छिंदवाड़ा निवासी तथा वर्तमान में जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट में मध्य प्रदेश शासन की तरफ से नियुक्त वरिष्ठ न्यायिक सदस्य डॉ महेश कुमार चांडक को मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता आयोग भोपाल द्वारा उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय तथा उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता आयोग भोपाल ने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख किया की जनवरी-फरवरी एवम मार्च 2024 में प्रकरणों के निपटारे में तथा लोक अदालत में सर्वाधिक प्रकरणों के समाधान किए जाने तथा उपभोक्ताओं को सर्वाधिक राशि प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई इस हेतु मध्य प्रदेश राज्य उपभोक्ता आयोग भोपाल द्वारा सराहनीय कार्य के लिए डॉ महेश कुमार चांडक जिला उपभोक्ता आयोग बालाघाट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया उनकी इस उपलब्धि पर बालाघाट अधिवक्ता संघ माहेश्वरी समाज ने बधाई दी हे।

# गुरुकुल के छात्रों को कर्मकांड भूषण एवम कर्मकांड विभूषण के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया





**भोपाल।** कोलार रोड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण संस्कृत वेद विद्या गुरुकुलम में कर्मकांड की वार्षिक परीक्षा संपन्न होने पर गुरुकुल के छात्रों को कर्मकांड भूषण एवम कर्मकांड विभूषण के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया गुरुकुल संचालक श्री अवनीश त्रिवेदी जी ने बताया कि यह गुरुकुल 2011 से संचालित हो रहा हे और हर साल गुरुकुल में मेधावी छात्रों को कर्मकांड भूषण एवम कर्मकांड विभूषण के प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाता है और गुरुकुल में छात्रों को शिक्षा एवम आवास निशुल्क दिया जाता है वर्तमान में गुरुकुल में 70 छात्र निशुल्क अध्ययन कर रहे हे जिनका संपूर्ण खर्च संस्था द्वारा किया जाता है संस्था के 20 छात्र एवम 2 अध्यापक महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान उज्जैन से अनुदानित है सम्मान समारोह में गुरुकुल संचालक श्री अवनीश त्रिवेदी एवम श्री दिनेश पाणिग्रही प्राचार्य गोतम शर्मा व्यवस्थापक मनीष दीक्षित परीक्षक प्रदीप शर्मा जी पूजा त्रिवेदी सहित सभी लोग उपस्थित रहे

# फर्जी बिल कांड के मास्टर माइंड के घर छापा, अवैध नल कनेक्शन और टैंकर मिले!

**इंदौर।** फर्जी बिल घोटाले के मास्टर माइंड कहे जा रहे नगर निगम के इंजीनियर अभय राठौर की जांच में भ्रष्टाचार की कई परतें खुल रही है। कमिश्नर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज निगम ने अभय राठौर के घर पर बड़ी कार्रवाई की। वहां अवैध नल कनेक्शन और हजारों लीटर के टैंकर भी मिले।



कमिश्नर शिवम वर्मा के निर्देश पर एडिशनल कमिश्नर अभिलाष मिश्रा यह कार्रवाई की गई। करोडों के फर्जीवाड़े के मास्टर माइंड अभय राठौर के घर पर यह छापामार कार्रवाई की गई। निगम के राजस्व और जलकार्य विभाग की संयुक्त कार्रवाई में राठौर के घर की चेंकिंग में 4 इंच का अवैध नल कनेक्शन मिला। साथ ही चार 20 से 30 हजार लीटर के टैंकर भी टीम को मिले। जानकारी मिली कि नल के अवैध कनेक्शन की मदद से इन टैंकरों में भरकर पानी बेचा जाता था। मौके पर टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए टैंकरों को भी जब्त किया गया।

**अभय राठौर पुराना घोटालेबाज–** इंजीनियर अभय राठौर का नाम इसके पहले भी कई फर्जीवाड़े और घोटाले में आ चुका है। यातायात घोटाला, यशवंत तालाब गहरीकरण में पाइप लाइन घोटाला में भी उसका नाम आया था। वह पूर्व में भी निलंबित रह चुका है। 2005 में बोरिंग के फर्जी बिल तैयार करने और भुगतान कराने के मामले में उसकी लोकायुक्त से शिकायत भी हुई थी। उसके यहां ईओडब्ल्यू की कार्रवाई भी हो चुकी है। कार्रवाई में उसके यहां करोड़ों की संपत्ति मिली थी। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद उसे कलेक्टर कार्यालय भेज दिया गया था। लेकिन, कुछ समय पहले ही वह एक बार फिर नगर निगम पहुंच गया।

**छह साल पहले भी फंसा था मामले में–** आर्थिक अपराध ब्यूरो ने 6 साल पहले भी अभय राठौर के ठिकानों पर छापे मारे थे। जांच के दौरान 40 बैंक खाते, 19 करोड़ की जमीन, 16 करोड़ के प्लॉट मिले जो रिश्तेदारों के नाम से खरीदे थे। अफसरों ने उन आय के स्त्रोत के आधार पर बेनामी संपत्ति घोषित की और राठौर के विरुद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया। राठौर ने अमित सिंह राठौर के नाम से कैलोद हाला में और राकेश सिंह (जीजा) के घर से भी दस्तावेज निकाले। इस दौरान कोरी रसीदें मिली जिनसे टैंकरों का फर्जी भुगतान करवाया जाता था। इसके बाद भी ईओडब्ल्यू ने गोपनीय ढंग से केस में खात्मा लगा दिया।

# इंदौर के 'राजनीतिक बम कांड' के बाद पीएम ने भाजपा उम्मीदवार को पत्र लिखा, कम वोटिंग की चिंता!

**इंदौर।** कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम के चुनाव मैदान से हटने के बाद अब भाजपा में कम मतदान के संदेह को लेकर घबराहट है। उधर, कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के विद्रोह और फिर भाजपा में शामिल होने की घटना के बाद 'नोटा' का बटन दबाकर इस घटना पर अपना विरोध दर्ज कराने की अपील की है। सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं भाजपा में भी इस मामले को लेकर नाराजी दिखाई दे रही है। पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन के बयान के बाद यह मामला ज्यादा गरमा गया।

अब पार्टी में उभरी नाराजी और कम मतदान की आशंका को दूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के नाम एक पत्र जारी किया है। पत्र भले लालवानी के नाम से लिखा गया, पर इसमें बातें पार्टी और मतदाता के बारे में भी बहुत कुछ लिखा गया है। इसमें उन्होंने शहर के लिए भी कई बातें लिखी। यह पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस पत्र में जो लिखा गया उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह पत्र किसी विशेष प्रयोजन से वायरल किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पत्र

प्रधानमंत्री ने भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी को लिखे पत्र में लिखा 'मेरे साथी कार्यकर्ता शंकर लालवानी जी, आपको यह पत्र लिखते हुए आशा करता हूं कि आप कुशल मंगल से होंगे। इंदौर एक जागरूक चेतना वाला शहर है, जहां लोगों ने सामूहिक प्रयासों से बड़े से बड़े लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया है और स्वच्छता समेत कई विषयों में इंदौर आज शीर्ष स्थान पर है। जनहित से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को बेहतर रूप से अमल करवाते हुए आपने क्षेत्र के लोगों के जीवन को सहज और सुविधाजनक बनाने का जो काम किया है, वह सराहनीय है। आपके अथक प्रयासों से 'उम्मीदों का शहर' इंदौर आज प्रदेश और पूरे देश में विकास का एक मॉडल बनकर उभरा है। मुझे विश्वास है कि संसद में आप जनता जनार्दन का भरपूर आशीर्वाद लेकर आएंगे और नई सरकार में हम सब एक साथ मिलकर देशवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। आप जैसे ऊर्जावान साथी मुझे संसद में मजबूती प्रदान करेंगे।




पिछले एक दशक के दौरान हमने समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते हुए कांग्रेस पार्टी के दशकों लंबे कुशासन के कारण पैदा हुई समस्याओं से देश को मुक्त कराया है। अब, हर नागरिक की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए देश एक नई गति से आगे बढ़ने को तैयार है। चुनाव के अब तक के उत्साहजनक रुझान बताते हैं कि भारत की जनता इस चुनाव में हमारे विकासोन्मुख विजन को समर्थन देने का मन बनाकर आगे बढ़ रही है।

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस समाज के सभी वर्गों द्वारा खारिज किए जा रहे हैं। गरीब, किसान और महिलाएं भी कांग्रेस द्वारा दशकों तक किए गए अपमान के लंबे और निराशाजनक ट्रैक रिकार्ड के कारण उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं। कांग्रेस से शासन काल में एससी, एसटी, ओबीसी समुदायों को भी उपेक्षा, अपमान और अन्याय का सामना करना पड़ा। हमारी पार्टी में बड़ी संख्या में इन्हीं समुदायों से चुने हुए प्रतिनिधि हैं। पिछले 10 वर्षों के दौरान गरीब, किसान, महिलाएं और एससी, एसटी, ओबीसी समुदाय के लोग अंततः बेहतर जीवन की अपनी आकांक्षाओं को पूरा होते हुए देख रहे हैं। वे सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता से उत्साहित महसूस कर रहे हैं।

हताशा के कारण कांग्रेस और इंडी अलायंस तुष्टिकरण की राजनीति में खतरनाक स्तर तक बढ़ रहे हैं, लेकिन अल्पसंख्यकों के बीच उनके लिए कोई आकर्षण नहीं है। ये समुदाय समझ चुके हैं कि केवल भाजपा सरकार में ही उनकी स्थिति पहले से बेहतर हुई है।

## पानी बचाइये

जो वस्तु आप चित्र में देख रहे हैं, उसे मराठी में ÷फुलपात्र÷ कहते हैं... साईज़ में यह सामान्य कटोरी से थोड़ा ऊँचा, लेकिन गिलास से आधा होता है. मराठियों के घरों में पानी पीने के



लिए उपयोग होते इसे सामान्य रूप से देखा जा सकता है.

भोपाल शहर में ÷पानी बचाओ मुहिम÷ के अंतर्गत ÷आधा ग्लास पानी अभियान÷ चल रहा है, जो एक सराहनीय कदम है. यह आधा ग्लास पानी की प्रथा कई महाराष्ट्रीयन परिवारों में कई वर्षों से निभाई जा रही है, चित्र में दिखाए गए ÷फुलपात्र÷ में ही अतिथि और घर के सदस्यों को पानी दिया जाता है. आइये हम सभी अपने परिवारों मे फुलपात्र उपयोग कर पीने के पानी की बचत करे।

# देवास में जानलेवा बीमारी का आतंक, 2 की मौत, सीएम यादव के निर्देश पर डॉक्टरों की 3 टीमें पहुंची गांव

**देवास।** मध्यप्रदेश के देवास जिले से हैरान कर देने वाली एक खबर सामने आ रही है, जिसके मुताबिक देवास जिले की टोंकखुर्द तहसील के माधवपुर खेड़ा गांव में इन दिनों एक अनोखी बीमारी का प्रकोप छाया हुआ है। जिसने ग्रामीणों का जीना मुश्किल कर दिया है। हर कोई इस बीमारी के बाद से बेहद चिंतित नजर आ रहा है। इतना ही नहीं इस बीमारी से अब तक 70 लोग ग्रसित भी हो चुके है।

**बीमारी ने ली दो लोगों की जान–** आपको जानकार हैरानी होगी कि इस जानलेवा बीमारी ने अब तक दो लोगों की जान भी ले ली है, जबकि अब तक 70 लोग इस बीमारी का शिकार हो चुके है। इस जानलेवा बीमारी के बारें में कांग्रेस नेता ने जानकारी देते हुए बताया कि देवास जिले के पास टोंक खुर्द तहसील के खेड़ा माधवपुर गांव में इस बीमारी ने अपना आतंक मचा रखा है, जिसके चलते लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग ने अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती ग्रामीणों की जानकारी एकत्रित की। वहीं बीमारी पर राज्य सरकार ने संज्ञान ले लिया है और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दिए निर्देश के आधार पर आज भोपाल से डॉक्टरों की 3 टीम गांव पहुंची है।

**कांग्रेस नेता KK Mishra ने दी बीमारी की जानकारी–** ऐसी सूचना है कि देवास जिले की टोंकखुर्द तहसील के गांव माधवपुर खेड़ा में एक विचित्र किस्म की



बीमारी का ग्रामीणजन न केवल सामना कर रहे हैं, बल्कि भयभीत भी हैं, बीमारी क्या है इसके कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं हैं!

**जानकारी के बाद हरकत में आई सरकार–** कांग्रेस नेता के के मिश्रा के द्वारा सोशल मीडिया पर जानकारी मिलने के बाद बीमारी की जानकारी मिलने के बाद एमपी की मोहन सरकार हरकत में आई और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर तीन टीमें खेड़ा माधवपुर गांव पहुंचीं हैं। फिलहाल बीमारी का पता लगाया जा रहा है कि आखिर यह जानलेवा बीमारी कौन सी है? क्यों लोगों में फैली? क्योंकि अभी तक विशेषज्ञ भी इस बीमारी का पता नहीं लगा पाए हैं। फिलहाल बीमारी का शिकार हुए ग्रामीणों का इलाज नजदीकी अस्पताल में जारी है और डॉक्टर की टीम उन सभी पर नजर बनाएं हुए है।

# महाराणा प्रताप जयंती - महान वो होता है जो अपने देश, जाति, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार का समझौता न करें और सतत संघर्ष करता रहे - योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने शौर्य और पराक्रम का दूसरा नाम महाराणा प्रताप की जयंती पर महापुरुष को सादर नमन करते हुए बताया कि योग प्रशिक्षण के दौरान महापुरुषों की जयंती, सभी राष्ट्रीय पर्व एवं अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनायें जाते है, इस प्रकार के आयोजनों से हमें महापुरुषों के आदर्श, गुणों, शिक्षा, सिद्धांतों को जीवन में उतारने की प्रेरणा मिलती है। महापुरुषों के जीवन से हमें जीवन जीने की कला प्राप्त होती है। प्रत्येक समस्या का समाधान मिलता है। कैसे जीवन जीना है, उसका बोध होता है। महापुरूषों के जीवन के अनुभव ऐसे हैं कि उनके विचार जीवन की विपरित परिस्थितयों में भी वे हमें आगे बढ़ने के लिए सदैव प्रेरित करते हैं। महापुरूषों की स्तुति करने से जीवन को सम्यक ज्ञान,



श्रद्धा, चिंतन, मनन शक्ति और सदाचरण करने का बल प्राप्त होता है। देश के महापुरुषों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान रहा है और आज भी उनकी शिक्षाएं हमारे लिए उतनी ही महत्वपूर्ण व प्रेरक हैं। ऐसे में समय-समय पर युवा पीढ़ी को देश के महापुरुषों के बारे में जानकारी देने के लिए शैक्षणिक संस्थानों में सेमीनार एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना चाहिए। युवा पीढ़ी को देश की संस्कृति व इतिहास से जोड़ने के लिए इस तरह की कार्यशालाओं की आवश्यकता है। विद्यार्थियों का ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से मनोबल बढ़ेगा। आज के प्रतियोगी युग में हर विद्यार्थी पर खुद को साबित करने का दबाब है, लेकिन छात्र नैतिक मूल्यों के साथ संस्कार भी सीखेंगे, तो निस्संदेह वे अपने लक्ष्य को भी हासिल कर लेंगे।

# जान बचाकर जलती बस से ऐसे बाहर निकले 45 कर्मचारी!

**बैतूल।** जिले के साईखेड़ा थाना इलाके के गौला गांव के पास मंगलवार रात छह मतदान केंद्रों से दल को लेकर बैतूल लौट रही बस में अचानक आग लग गई. आग लगते ही चालक ने बस को रोक दिया और मतदान दल ने जैसे तैसे बस से कूदकर अपनी जान बचाई। बस में आग लगने की सूचना मिलने पर मुलताई और बैतूल से दमकल वाहन मौके पर रवाना किए गए।

उस बस में 6 मतदान दल के लगभग 45 कर्मचारी सवार थे। कई कर्मचारियों का सामान जल गया। सभी कर्मचारी सुरक्षित है।

बस धू-धूकर जलने लगी और जलकर खाक हो गई। 6 पोलिंग की मशीनों में से दो सुरक्षित हैं। बाकी चार मशीनों की अलग अलग सामग्री जल गई. निर्वाचन आयोग को जानकारी भेज दी गई है।

घटना के बारे में बताया गया है कि बस के गियर बॉक्स में अचानक आग लगी। आग भड़कते ही सभी कर्मचारी जैसे तैसे जान बचाकर बाहर निकले। बैतूल में मतदान कर्मियों को ला रही बस में श्वङ्क्रूऔर ड्ढङ्कक्क्ष मशीनें भी थीं।

मतदान समाप्त होने के बाद केपिटल रोडवेज की बस क्रमांक (स्क्क28 क्क9248) में मतदान केंद्र क्रमांक 275 रजापुर, 276 डूडर रैयत, 277 गेहूबारसा, 278 गेहूं बारसा क्रमांक 2, 279 कुंदारैयत और 280 चिखली माल केंद्रों के 39 मतदान कर्मी सहित ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री लेकर बैतूल आ रही थी. आग लगने से दो मतदान केंद्रों की सामग्री पूरी तरह से सुरक्षित बच गई है। चार केंद्रों की अलग अलग सामग्री जल गई है. बस से कूदने के कारण कुछ कर्मचारियों को आंशिक चोट आई है। सभी को दूसरे वाहन से सुरक्षित बैतूल लाया गया।



घटना की जांच कर रहे मुलताई एसडीओपी एसपी सिंह का कहना है कि मुलताई विधानसभा मतदान केंद्र के अंतर्गत सेक्टर 23, जिसमे मासोद चौकी के अंतर्गत रजापुर, डोंडर, गेंहुबारसा, कुंदार रैयत और चिकलिमाल इन मतदान केंद्रों की पार्टियां बस नंबर एमपी 28 पी 9248 से मतदान केंद्रों पर गई थीं. मतदान संपन्न होने के बाद ये 6 पार्टियां बस से बिसनूर ससुन्द्रा मार्ग के आ रही थीं। तभी रात साढ़े दस से ग्यारह बजे के बीच बस में ड्राइवर साइड से आग लगी तभी बस में सवार श्वङ्क्रूपार्टी सहित 39 लोग खुद को और बस में मौजूद मतदान सामग्री को बाहर निकालने लगे।आग के कारण बस और बस में मौजूद कुछ चुनाव सामग्री क्षतिग्रस्त हुई है.

प्रथम दृष्टया आगजनी का मामला साईखेड़ा थाने में दर्ज किया गया है। आग लगने के पीछे के कारणों का पता किया जा रहा है। अब इस मामले के सभी पहलुओं पर जांच होगी।

बस में आ रहे पीठासीन अधिकारी मुन्नालाल का कहना है कि हम एक बस में 6 मतदान दल के सदस्य आ रहे थे, तभी बस में सामने आग लग गई। किसी तरह खिड़कियों से कूद कर हमने हमारी जान बचाई. कई लोगों की मशीन जल गई। कई के बैग भी जल गए। 6 दल थे जिनमे एक दल के पास तीन-तीन मशीन थीं जो कि बीयू, सीयू और पीपीयू. मेरा वीवीपैट जला और एक बोरी जली. बस के बोनट में आग लगी थी।

घटना को लेकर कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी का कहना है कि मतदान दल सुरक्षित हैं और दो मतदान केंद्रों की मशीनें पूरी तरह से सुरक्षित हैं। बची हुई चार मशीनों में किसी में वीवीपैट जला है, किसी में सीयू जला है और किसी का बीयू जला है। बस में तेजी से आग लगने के कारण लोग खुद को बचाने भाग रहे थे तभी ये सामान अंदर रह गया। निर्वाचन आयोग और सीईओ निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश को रिपोर्ट प्रस्तुत कर रहे हैं। ऑब्जर्वर को भी रिपोर्ट किया है। रिपोर्ट आने के बाद 4 मतदान केंद्रों के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।

# मानवाधिकार आयोग ने प्रदेश के 22 मामलों में लिया संज्ञान, संबंधितों से मांगा जवाब

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी एवं सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने विगत दिवसों के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रथम दृष्टया मानव अधिकार उल्लंघन के '22 मामलों में संज्ञान' लेकर संबंधितों से जवाब मांगा है।

**स्वीमिंग पूल में डूबने से बच्चे की मृत्यु–** भोपाल शहर के कोहेफिजा क्षेत्र में एक मैरिज गार्डन के स्वीमिंग पूल में डूबने से एक चार साल के बच्चे की मृत्यु होने की घटना सामने आई है। उज्जैन से भोपाल शादी समारोह में शामिल होने आये दोनों भाई-बहन शादी समारोह के दौरान मैरिज गार्डन के स्वीमिंग पूल में डूब गये। जिसमें बच्चे की मृत्यु हो गई और दूसरी बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजूक बनी हुई है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**कॉलेज छात्रों ने की छात्राओं से छेड़छाड़–** भोपाल जिले के रातीबड़ स्थित राधारमण आयुर्वेद कॉलेज में छात्रों द्वारा दो छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। जब छात्रा ने परिजनों के साथ मिलकर रिश्तेदार आरक्षक और उसका भाई कॉलेज प्रबंधन से बातचीत करने गये तो, कॉलेज के सीईओं ने दोनों भाईयों को कॉलेज में बंधक बनाकर मारपीट, गाली-गलौच की और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर, भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**नाबालिग को न्यूड वीडियो वायरल करने की दी धमकी–** भोपाल शहर के अशोका गार्डन में एक 15 वर्षीय किशोरी के साथ एक युवक द्वारा न्यूड वीडियो बनाकर वायरल करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार आरोपी युवक ने वीडियों कॉल पर बात करने के दौरान स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर ली। छात्रा ने जब बात करने से मना किया तो आरोपी युवक न्यूड वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई तथा पीड़ित बालिका की सुरक्षा एवं परामर्श के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**गली के बीचो-बीच टूटे पड़े चैम्बर से आये दिन हो रही दुर्घटनायें–** भोपाल शहर के वार्ड नं.-21 में फतेहगढ़ स्थित नगर निगम औषधालय के सामने बीते तीन माह से नाले का चैंबर टूटा पड़ा हुआ है। गली में बीचो-बीच चैम्बर टूटे पड़े होने से वाहन चालक अनियंवित्रत होने दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है। आये दिन यहां सड़क दुर्घटनायें भी हो रही है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने आयुक्त, नगर निगम भोपाल से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।




**दो माह से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट–** भोपाल शहर के बागमुगलिया एक्सटेंशन स्थित सरिता सेतु एवं पीएचई कार्यालय के सामने वाली मुख्य सड़क पर लगी एलईटी एवं स्ट्रीट लाइट बीते दो माह से बंद पड़ी हुई है। स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण पूरे सड़क मार्ग पर अंधेरा छाया रहता है। इस कारण आये दिन वाहन चालकों के साथ सड़क दुर्घटना हो रही है। इस संबंध में रहवासियों ने संबंधित विभाग के अफसरों को शिकायत भी की है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नही हो पाई है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर भोपाल से मामले की जांच कराकर रहवासियों की समस्या के लिये जिम्मेदार विभागों से कर्त्तव्यों का बोध कराते हुये समस्या के समाधान के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**करंट लगने से भैंसों की मृत्यु–** रायसेन जिले के समीपवर्ती ग्राम बिलोरी में खेतों के ऊपर लगी 11 हजार केवी लाइन के तारों की चपेट में आने से दो भैंसों की करंट लगने से मृत्यु होने की घटना सामने आई है। किसानों ने खेतों में लटक रहीं विद्युत तारों को ऊंचा करने की मांग की गई थी, परन्तु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस कारण विद्युत तारों की चपेट में आने से लगातार भैंसों और गाय की मृत्यु हो रही है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कार्यापलन यंत्री म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण क.लि. रायसेन से मामले की जांच कराकर 11000 केवी लाईन को सुरक्षित अवस्था में पर्याप्त ऊंचाई पर व्यवस्थित कराने एवं उसके कारण हुई दुर्घटना में मृत दो भैंसों के सम्बन्ध में उनके स्वामी को शासन की योजना/नियमानुसार देय आर्थिक मुआवजा राशि के सम्बन्ध में की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**डॉक्टर मरीजों को बाजार की दवाई के साथ मेडिकल का नाम भी लिख रहे है–** सीहोर जिले के सिविल अस्पताल में डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को बाहर बाजार की दवाई लिखने का मामला सामने आया है। साथ ही जिस मेडिकल से दवाई लेनी है उसका भी नाम लिखा जा रहे है। अस्पताल में कई प्रकार की दवाईयां उपलब्ध होने के बावजूद डॉक्टर्स मरिजों को तय मेडिकल स्टोर दवाईया लेने के लिये लिख रहे है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर एवं सीएमएचओ, सीहोर से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**मुख्य सड़क पर गढ्ढों के कारण वाहन चालक परेशान–** मंडला जिले के बड़ चैराहा से बैगाबैगी चैराह तक की मुख्य सड़क में गढ्ढों के कारण वाहन चालकों को कई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर गढ्ढों होने से आवाजाही करने में कई मुश्किले हो रही है। गढ्ढो के कारण कई वाहन अनियंत्रित होकर गिर रहे है और उन्हे गंभीर चोटे भी आ रही है। सड़क पर मौजूद गढ्ढे वाहन चालक के लिये जानलेवा साबित हो रहे है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर मंडला से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

**शहर में बिक रही अमानक पॉलिथिन–** मंडला जिले के बिछिया नगर में दुकानों से अमानक पॉलिथिन का विक्रय किये जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर परिषद अमानक पॉलिथिन पर नियंत्रण करने के लिये कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस कारण शहर की अतिकांश दुकानों से अमानक पॉलिथिन का विक्रय हो रहा है। जो पर्यावरण के लिये हानिकारक साबित हो रहा है। अमान पॉलिथिन का उपयोग करने से शहर में गंदगी और प्रदूषण भी फेल रहा है। मामले में संज्ञान लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर मंडला से मामले की जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।